हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

13 रक्षाबंधन पर पेड़ों की आरती कर बांधा रक्षासूत्र



14 राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की स्मृति में रक्तदान शिविर 24 को





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# रिश्ते को किया कलंकित
# नाबालिग की दस से ज्यादा बार लूटी गई इज्जत, बुआ समेत 6 गिरफ्तार, होटल संचालकों पर भी होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

किशोरी से दुष्कर्म का मार्मिक मामला सामने आया है। नाबालिग को वेश्यावृत्ति के इस धंधे में उसकी सगी बुआ ने धकेला। 10 से ज्यादा लोगों ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। उसे हर रात किसी दूसरे व्यक्ति का बिस्तर गर्म करने के लिए भेजा गया। इस घटना के बाद नाबालिग इस कदर भयभीत थी, कि वह पुलिस को भी जानकारी देने से बच रही थी। बड़ी मुश्किलों के बाद पुलिस की पूछताछ के बाद उस नाबालिग ने अपनी आपबीती पुलिस को बताई। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर मामले में 5 महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में अब भी पूछताछ की जा रही है। वैशालीनगर पुलिस ने मामले में उक्त आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपियों में सुलोचना पति बोनी सिंह तांडी उम्र 50 साल रामनगर, बी केशथन रेडडी उर्फ केशव पिता के बैरागी रेड्डी उम्र 57 वर्ष सेक्टर 1, लखविंदर कौर उर्फ लक्खी पति प्रवीण कुमार गुप्ता उम्र 50 साल दुर्गापारा सुपेला, सुशीला राव पति जगदीश राव उम्र 44 साल सुपेला, नसरीन उर्फ नरगीस पति शोहेल अखतर उम्र 45 सेक्टर 6 के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इधर घटना के बाद पुलिस ने होटलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बता दें कि लंबे समय होटलों में वेश्यावृत्ति के लिए होटलों का इस्तेमाल किए जाने की शिकायतें आती रही है।

## मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

### पीड़िता पहुंची एसएसपी कार्यालय

जानकारी के मुताबिक इस मामले में परिजनों के साथ पीड़िता सीधे पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के पास पहुंची। उनके सामने आपबीती बताई। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। उसने पुलिस को बताया कि रुपए कमाई के लिए एक महिला ने भतीजी को वेश्यावृत्ति के कारोबार में धकेल दिया। मासूम इस कदर डरी हुई थी कि पुलिस को कुछ भी बताने से कतरा रही थी। काउंसिलिंग के बाद आपबीती बताई।

### भिलाई-3 में किया गलत काम

बताया गया कि भिलाई तीन ले जाकर मासूम के साथ गलत काम किया गया। अन्य कस्टमरों के बारे में महिलाओं को जानकारी होना पता चला था। जांच में मासूम बालिका के साथ अनाचार होना पाया गया। इस पूरे मामले में पांच महिलाओं का ग्रुप शामिल था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके बाद न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

### पुलिस गंभीरता से कर रही जांच जल्द अन्य आरोपी पकड़े जाएंगे

"शिकायत मिली थी। पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए तुरंत इससे जुड़े आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। एक मोबाइल मिला उस लोकेशन से पुलिस आरोपी तक पहुंची। इसमें कुछ आरोपी पकड़ में आए हैं। जांच की जा रही है। उसमें जो भी तथ्य सामने आएंगे पुलिस उसी आधार पर कार्रवाई करेगी।

**-विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग

## खबर संक्षेप

### सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार



**भिलाई।** पटवारी की नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वार्ड 58 अंबेडकर नगर दुर्ग निवासी रूपेश कुमार को पटवारी पद में नियुक्ति के लिए फर्जी नौकरी के दस्तावेज तैयार कर 15 लाख रुपए की ठगी न्यू आदर्श नगर बोरसी दुर्ग हितेश सिन्हा ने की। घटना की शिकायत मोहन नगर थाने में दर्ज होने के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी हितेश ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### सूदखोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई।** सूदखोरी का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने पकड़ा। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि शीतलानगर हनोदा, रोड गैलेक्सी हाईट बोरसी निवासी नागेश्वर प्रसाद चंद्रा का आरोपी रायपुर निवासी शब्बीर जैदी कॉलेज बैचमेट था। पीड़ित को वर्ष 2024 में पारिवारिक कारणों से पैसों की आश्यकता थी। जिसे लेकर आरोपी शब्बीर जैदी से ऑनलाइन कुल 1 लाख 44 हजार 400 रुपये ब्याज पर लिया। आरोपी शब्बीर जैदी को कुल 1. 64 लाख 800 रुपए ब्याज समेत पीड़ित ने लौटा भी दिया। शब्बीर ने पीड़ित से उधारी उक्त रकम देने के एवज में एक ब्लैंक चेक भी लिया था। शब्बीर जैदी ने 27 जुलाई को पीड़ित के घर शीतला नगर बोरसी दुर्ग आकर रकम नहीं देने पर पीड़ित के बच्चों को उठा लेने की धमकी दिया है। आरोपी शब्बीर जैदी अपने घर गुढ़ियारी रायपुर बुलाकर 25 लाख रुपए देने के लिए दबाव बनाया था। आरोपी शब्बीर जैदी को पकड़कर जेल भेज दिया गया है।

## भिलाई-चरोदा में बनी 80 दुकानों का अब तक आवंटन नहीं, शो-पीस बनी दुकानें
# 11 करोड़ का पालिका बाजार उजाड़, न टॉयलेट है न हो रही सफाई, शटर व खिड़कियां गायब

जेएम तांडी ⏭ भिलाई

अलग खबर

नगर पालिका निगम में 10 साल पहले बना भिलाई तीन के जीई रोड किनारे स्थित पालिका बाजार आज शो पीस बनकर रह गया है। न यहां टॉयलेट की सुविधा न ही सफाई व्यवस्था है। कई दुकानों का शटर भी गायब है, खिड़की में टूट-फूट हो गई है।

इस तरह 11 करोड़ रुपए की लागत से बने मुख्यमंत्री पालिका बाजार योजना के तहत इसका निर्माण 2015 में बनाया गया था। पहली नीलामी वर्ष 2018 में हुई थी। इस दौरान यह नगर पालिका परिषद था इसकी अध्यक्ष सीता साहू हुआ करती थी इनके कार्यकाल में ही पालिका बाजार बना था। यहां कुल 140 दुकान बनाए गए लेकिन सिर्फ 60 दुकान ही आबंटन ही बमुश्किल हो पाया है। निगम ने हाल ही बचे 80 दुकानों में सिर्फ 37 दुकानों की नीलामी माह जुलाई निकाला गया। मगर दुकान खरीदने के लिए सिर्फ एक ही बोलीदाता सभागार में पहुंचने पर नीलामी को स्थगित कर दिया गया। करोड़ रुपए की लागत से नेशनल हाइवे किनारे बनाए गए पालिका बाजार में दुकान लाखों रुपए में दुकान खरीदा गया है। लेकिन लोगों को बेहतर सुविधा के नाम पर सिर्फ निगम ने खानापूर्ति किया है। दुकान आबंटन होने के बाद सुविधा नहीं मिलने से कई लोग दुकान खोल नहीं रहें है। पालिका बाजार की रौनक बढ़ाने के लिए रजिस्ट्री कार्यालय भी यहां खोला गया है लेकिन सुविधा के अभाव में लोग अपना दुकान ओपन नहीं कर रहें है। यहां लगे कई लोहे के शटर को भी गायब कर दिए है। इसके अलावा खिड़की का कांच तक यहां टूटा पड़ा है। बारिश में की दुकानों में पानी घुस रहा है।

## 2015 में किया गया 140 दुकानों का निर्माण, सिर्फ 60 दुकान ही अब तक की आवंटित





### कमीशन के खेल में पालिका बाजार को किया बेकार

करोड़ों रुपए से बने पालिका बाजार में भिलाई-चरोदा निगम के कई अफसर, जनप्रतिनिधि कमीशन के खेल में शामिल होकर व्यवस्था को खराब कर दिया है। स्थिति यह है कि सालों बाद में पालिका बाजार निगम के प्रयास के बाद भी नहीं बिक रहा है। इसके निर्माण में टेंडर प्रक्रिया से लेकर निर्माण तक के काम का कमीशन पहले ही बंट गया। लेकिन भिलाई-चरोदा को बेहतर करने कोई आगे नहीं आया है। बल्कि पालिका बाजार के बेहतर लोकेशन वाले दुकानों को चहेतों को देने का प्लान फिक्स किया गया है।

### टॉयलेट का दरवाजा तक गायब

पालिका बाजार में बनाए गए टॉयलेट में दरवाजा तक गायब है। बिना दरवाजा का टॉयलेट दुकान खरीद कर कारोबार करने वाले इसके उपयोग कर रहें है। दूसरे टायलेट में दरवाजा है लेकिन गंदगी का आलम देखने लायक है। यूरिन शीट तक सारा डेमेज पड़ हुआ है। पालिका बाजार की सौगात बेहतर करने के लिए किया गया था। मगर निगम की बेकार व्यवस्था के कारण आबंटन नहीं हो पाया है।

### पालिका बाजार की दुकानें किराए पर दें



करोड़ों रुपए से बने पालिका बाजार बेकार हो रहा है। किराए पर देना चाहिए, जिससे निगम का बड़ा राजस्व मिलेगा। 80 दुकान अब भी बचा हुआ हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से चोरी की घटनाएं भी यहां से होती है। इसके लिए सुरक्षा उपाय भी किया जाना चाहिए।

**-राम खिलावन वर्मा,**
नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

### नीलामी हुई फेल, सुविधा कुछ नहीं मिल रही



करोड़ों रुपए से बहने पालिका बाजार का नीलामी फेल हो गया। नीलामी सिर्फ एक ही व्यक्ति पहुंचा था। नगर निगम द्वारा पालिका बाजार को किराए पर देना चाहिए थिएटर, मल्टीप्लेक्स जैसी सुविधाओं को बढ़ावा देना चाहिए। बैंकों को उस स्थान पर शिफ्ट करने के लिए ऑफर करना चाहिए, प्रीमियम वाईन शाप राज्य शासन के अधीन संचालित होते हैं। वह भी वहां शिफ्ट करना चाहिए।

**-मनीष वर्मा,** पार्षद
नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा

### निगम दफ्तर को शिफ्ट करने प्रस्ताव



पालिका में अब निगम कार्यालय को पालिका बाजार में शिफ्ट करने का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजा गया है। जिससे यहां रौनक बढेगी दुकान भी बिक जाएगा। 80 दुकान अभी बचा है। कार्यालय यहां शिफ्ट होगा तो चहल पहल भी बड़ जाएगा।

**-निर्मल कोसरे**
महापौर, नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा

# 6.79 करोड़ से 3.39 लाख घरों में पहुंचेगा नया डस्टबिन

## स्वच्छता सलाहकार समिति की बैठक में निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर में गीला-सूखा कचरा रखने के लिए वार्डों में 3.39 लाख से ज्यादा नए डिस्टबिन बंटेंगे। इस पर करीब 6.79 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग सलाहकार समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को लाया गया।

बैठक में इसे मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी घरों एवं दुकानों में गीले एवं सुखा कचरा पृथक-पृथक दिये जाने के लिए 15वें वित्त आयोग मद अन्तर्गत 3,39,669 डस्टबीन क्रय का प्रस्ताव महापौर परिषद, सामान्य सभा के माध्यम से राज्य शासन को भेजे जाने की अनुशंसा सर्वसम्मति से पारित किया गया। डस्टबिन क्रय पर लगभग राशि 6.79 करोड़ का व्यय होना संभावित है। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने कहा कि डस्टबिन का उपयोग गीले एवं सूखे कचरे का उपयोग स्त्रोत पर अलग-अलग लेने सार्थक होगा। इसलिए शासन से मांग की जा रही है।

बैठक में नवीन निर्मित 6 एसएलआरएम सेंटर का रख-रखाव एवं संचालन आजीविका मिशन के अन्तर्गत पंजीकृत समूह, सीएलएफ के माध्यम से कराए जाने और और सेंटर का संचालन एवं रख-रखाव के लिए आवश्यक सामग्री क्रय करने का प्रस्ताव महापौर परिषद में रखे जाने की अनुशंसा की गई। बैठक में कोमल दास टंडन, सरिता देवी, एम. लक्ष्मी गोपाल, के. जगदीश, पीके श्याम सुंदर राव, जावेद अली, राजेश पालवे सहित अन्य मौजूद थे।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## जामुल पुलिस पहुंची अटल आवास, 321 के आधार कार्ड की जांच

**भिलाई।** जामुल पुलिस ने अभियान चलाकर अटल आवास के मकानों में पहुंची। इस दौरान 321 संदिग्धों का आधार चेक किया। इस दौरान सीएसपी हरीश पाटिल,डीएसपी हेमप्रकाश नायक, ममता अली शर्मा, निरीक्षक राजेश मिश्रा,अम्बर सिंह भारद्वाज, विजय यादव समेत रक्षित केन्द्र से बल पहुंची थी। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जामुल स्थित घासीदास नगर, नालंदा स्कूल के पीछे कुरूद में अटल आवास में रहने वाले लोगों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान अटल आवासों में रहने वाले संदिग्धों का आधार कार्ड, परिचय पत्र, पहचान पत्र देख कर जांच किया। चेकिंग में 31 संदिग्धो की पहचान कर फिंगर प्रिंट लिया। फिंगर प्रिंट का नाफिस कार्यालय से सत्यापन कराया जा रहा है। अटल आवासों में निम्न वर्ग के लोगो द्वारा निवास करना पाया गया। जो रोजी मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे है।



## चाकूबाजी की घटना को लेकर भाजपाइयों ने थाने में किया प्रदर्शन

**कुम्हारी।** शनिवार की रात कुम्हारी में हुई चाकूबाजी की घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुम्हारी थाने के बाहर प्रदर्शन किया। कुम्हारी में हो रही लगातार वारदातों को लेकर कुम्हारी मंडल के भाजपाइयों ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया। बजरंग चौक पुरानी हटरी कुम्हारी में चाकूबाजी की वारदात हुई थी। घायल युवक ने पुलिस बयान के आधार पर पुलिस ने तुरंत चार युवकों को गिरफ्तार किया। मौके पर किशोर नामक युवक के घटना में शामिल होने को लेकर गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इस दौरान भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, मंडल के पूर्व अध्यक्ष पीएन दुबे ने कहा कि इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगना चाहिए। सूनसान इलाकों में सूखे एवं गीले नशे से कई बच्चे चपेट में आ रहे हैं। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि चाकूबाजी की घटना में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित के भाई और अन्य प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तारी की जाएगी।



## विधायक ललित चंद्राकर ने कलेक्टर को दिए व्यवस्था सुधार के निर्देश
# किसान नहीं करा पा रहे नामांतरण, बी-वन भी नहीं निकल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतमाला और रेलवे की परियोजना के कारण अंडा से लेकर उतई और पाटन तक के किसान खासे परेशान है। मुआवजे के लिए लेकर जमीन के धान खरीदी को लेकर पंजीयन नहीं होने से उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय को लेकर किसानों ने अपनी शिकायतों से ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को अवगत कराया। इसके बाद विधायक ने इस मामले को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह को निर्देशित किया है कि तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर से पत्राचार भी किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतमाला के अंतर्गत सिक्स लेन और रेलवे परियोजन के अंतर्गत पांचवीं और छठवीं लाइन को लेकर प्रस्तावित जमीन के मामले में तकनीकी दिक्कत बनी हुई है। इसे देखते हुए विधायक ने कहा कि किसानों के नामांतरण, बी-1 खसरा, फौती और अन्य समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। इन समस्याओं के कारण किसानों को धान बेचने, खाद और बीज खरीदने, केसीसी से राशि प्राप्त करने और अन्य कृषि संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



### एग्री स्टेक पोर्टल में किसानों का नहीं हो रहा पंजीयन

किसानों के नामांतरण, बी-1 खसरा, फौती इत्यादि समस्याओं के समय पर निराकरण नहीं होने के कारण एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण शासन द्वारा किसानों को दी जा रही सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। एग्री स्टेक पोर्टल में अब तक सिर्फ 73:16 प्रतिशत किसानों का पंजीयन हुआ है। 26.84 प्रतिशत किसानों का अब तक पंजीयन नहीं हुआ है। एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु समस्या का तत्काल निराकरण कर शेष 26.84 प्रतिशत किसानों का यथाशीघ्र पंजीयन किया जाए।

### किसान काट रहे राजस्व विभाग के चक्कर, समस्या का निराकरण नहीं

बता दें कि किसान पिछले लंबे समय से इस समस्या को लेकर चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। मुआवजे का मामला भी अटका हुआ है। विधायक ललित चंद्राकर ने कलेक्टर से कहा है कि वे प्रभावित ग्रामों का मौका जांच कराएं। संबंधित किसानों की समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण करें। इससे किसानों को सुविधा होगी। वे अपनी कृषि गतिविधियों को सुचारु रूप से चला सकेंगे। इससे उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444


जीवेत शरदः शतम्
12 अगस्त
सतीश साहू
विधायक प्रतिनिधि अहिवारा विधानसभा
नटवर ताम्रकार
पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका अहिवारा
जितेन्द्र यादव
सभापति जिला पंचायत दुर्ग
घनश्याम साहू
अध्यक्ष भाजपा जेवरा सिरसा मण्डल
अहिवारा विधानसभा के सरल सहज लोकप्रिय विधायक
मा. राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
सचेन्द्र राजपूत
महामंत्री भाजपा जेवरा-सिरसा मण्डल
डॉ. सुखनंदन देशमुख
महामंत्री भाजपा जेवरा-सिरसा मण्डल
विनीत: समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी एवं कार्यकर्तागण भाजपा, जेवरा, सिरसा मंडल


जीवेत शरदः शतम्
वैशालीनगर विधानसभा के नायक
हमारे यशस्वी विधायक
श्री रिकेश सेन जी
के जन्मदिन पर दो वेंटीलेटरयुक्त एम्बुलेंस और
ढ़ेर सारी स्पोर्ट्स सामाग्री की मिली सौगात
वैशाली नगर विधानसभा के लिए
बड़ी कारगर साबित होगी
विधायकजी के जन्मदिवस समारोह
में पहुंचे लाखों लोगों का आभार...
प्रेमचंद देवांगन
सक्रिय सदस्य भाजपा
आलोक जैन
मीडिया प्रभारी सुपेला मंडल
मोहनलाल कुकरेजा
सक्रिय सदस्य भाजपा
गुंजन देवांगन
उपाध्यक्ष कोहका मंडल
अंकित जैन
सक्रिय सदस्य भाजपा

## खबर संक्षेप

### तुलाराम स्कूल में मनाई प्रेमचंद जयंती

**दुर्ग।** तुलाराम आर्य कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला और छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में चिरपरिचित कथाकार मुंशी प्रेमचंद जयंती का आयोजन विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर साहित्याकर व विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रारंभ में छात्र छात्राओं ने प्रेमचंद कहानियों व विचारों का पाठ किया। एक छात्रा ने उनकी जीवनी का पाठ किया। प्रेमचंद पर रोचक क्विज कार्यक्रम में भी बच्चों ने सही उत्तर दिए। वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने व वरिष्ठ कवि परमेश्वर वैष्णव ने कहा कि कथाकार प्रेमचंद आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने परतंत्र भारत की सामाजिक विषमताओं, आर्थिक दुर्दशा और पाखंड के खिलाफ रचनाओं से जागरुक किया। प्राचार्य ज्योति गोलछा और वरिष्ठ अध्यापिका मनोरमा पांडे की भी वैचारिक भागीदारी रही।

### पशुवध गृह एवं मांस विक्रय दुकानें बंद रहेंगी

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें अगस्त माह के 15, 16, 27 अगस्त एवं 3 सितम्बर और 6 सितम्बर को बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के बाद आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश किया कि नगर पालिक निगम, दुर्ग सीमा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित समस्त पशु वध गृह एवं मांस बिकी की दुकानें निम्नानुसार पर्व में बंद रखा जावें। 15 अगस्त शुक्रवार स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त शनिवार श्री कृष्ण जन्माष्टमी, 27 अगस्त बुधवार गणेश चतुर्थी सहित 3 सितम्बर डोला ग्यारस, 6 सितम्बर अनंत चर्तुदशी में संचालित समस्त पशु वध गृह एवं मांस बिकी की दुकानों पर निगरानी करने व दुकानें खुला पाए जाने पर सख्ती से कार्रवाही के निर्देश दिए।

**सावधानी :** बिजली के उपयोग में लापरवाही का भुगतना पड़ सकता है खामियाजा

# बारिश की वजह से पिछले दिनों करंट लगने से तीन मौतें, बचाव के लिए उपाय आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मानसून की शुरुआत के साथ ही बिजली के करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि वे बारिश के मौसम में बिजली के करंट से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तुरंत आवश्यक कदम उठाएं और साथ ही उपभोक्ताओं को भी इन खतरों के प्रति जागरुक करें।

उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र जैसे उद्योग, खेती, ट्रांसपोर्ट, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, घरों आदि में बिजली का उपयोग बढ़ने के कारण बिजली वितरण प्रणाली का भी विस्तार हो रहा है। बिजली की उपयोग में लापरवाही या अज्ञानता गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। बारिश के मौसम में बिजली करंट से होने वाली दुर्घटनाओं में वृद्धि हो जाती है।

## मुख्य अभियंता ने अधिकारियों को दिए निर्देश



## लापरवाही या अज्ञानता दुर्घटनाओं का बनता है कारण

### चरोदा में करंट हुई मौत

श्री खण्डेलवाल ने बताया की अभी हाल ही में चरोदा ग्राम के ग्राम गनियारी स्थित खेत में एक 12 वर्षीय बालक की करंट लगने से मौत हुई है। जांच करने पर ज्ञात हुआ कि खेत की बाड़ में पास से गुजर रही विद्युत लाईन से अवैध तरीके से जानवरों से फसल बचाने के लिये करंट प्रवाहित किया गया था, जिसकी चपेट में आकर बालक की मृत्यु हो गई।

### खुर्सीपार में हुई घटना

खुर्सीपार क्षेत्र के संतोषी पारा में एक उपभोक्ता द्वारा अपने घर की छत पर किसी एजेंसी के माध्यम से सोलर रूफटॉप पैनल लगवाने का कार्य करवाया जा रहा था, कार्य करते समय मकान के बाजू से गुजर रही विद्युत लाईन के नजदीक लोहे का एंगल आ जाने से युवक की मृत्यु हो गई और दो युवक मामुली घायल हो गये।

### सभी घटनाएं लापरवाही से हुई

इसी प्रकार 3 अगस्त 2025 को साजा क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपना कृषि पंप चलाने के लिये अवैध बिजली, वो भी ढीले एवं कटे-फटे तारों के माध्यम से ले जायी गई थी, जिसकी चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। मुख्य अभियंता ने बताया की प्रारंभिक जांच में उक्त सभी दुर्घटनाओं में लापरवाही एवं नियमों का उल्लंघन एक महत्वपूर्ण कारण रहा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि उक्त दुःखद घटनाओं को देखते हुए विद्युत सुरक्षा के संबंध में सभी उपभोक्ताओं को भी जागरूक होना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## सुरक्षा बिन्दुओं का करें पालन



उन्होंने कहा कि कुछ महत्वपूर्ण सुरक्षा बिन्दुओं का पालन सभी उपभोक्ताओं को करना चाहिए, यथा उच्च दाब तारों को छूने से बचना चाहिए क्योंकि गंभीर बिजली का झटका लग सकता है, जिससे तुरंत मृत्यु या गंभीर चोटें लग सकती हैं। उच्च वोल्टेज बिजली हवा के माध्यम से भी संपर्क में आ सकती है, खासकर यदि कोई धातु की वस्तु जैसे सीढ़ी, उपकरण या यहां तक कि किसी व्यक्ति का शरीर लाईन के बहुत करीब आ जाये। मुख्य अभियंता ने कहा कि आंधी, तूफान या दुर्घटना के कारण टूटकर जमीन पर गिरे हुए बिजली के तारों को गलती से भी नहीं छूना चाहिये, क्योंकि वे ऊर्जित हो सकते है और आसपास की जमीन को भी ऊर्जित कर सकते हैं। उच्च दाब विद्युत लाईनों से मकान सुरक्षित दूरी पर होनी चाहिये। मकान में कार्य करते समय पूरी तरह से सुनिश्चित कर लेवें कि यदि कोई लाईन आसपास है तो वह सुरक्षित दूरी पर हो। धातु की सीढ़ियां, लम्बी छड़े या अन्य प्रवाहकीय वस्तुओं को बिजली लाईनों से दूर रखे। उन्होंने कहा कि धातु विद्युत की सुचालक होती है और गंभीर दुर्घटनाओं का कारण हो सकती हैं इसलिए सावधानी रखनी चाहिए। यदि अपने क्षेत्र में कोई ढीला तार, टूटा हुआ पोल, खुला ट्रांसफॉर्मर या उच्च दाब लाईन से संबंधित कोई अन्य खतरा दिखाई दें, तो तुरंत बिजली विभाग को सूचित करें।

### मीटरों से छेड़छाड़ पर होती है कानूनी कार्रवाई

वर्तमान में बहुत से घरों में सोलर पैनल लगाने का कार्य किया जा रहा है, अतः विद्युत लाईनों से सुरक्षित दूरी एवं सुरक्षा के अन्य समस्त मानकों को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक कार्य कराया जावें। उन्होंने बताया कि जो भी व्यक्ति आपूर्ति लाईनो से अवैध कनेक्शन लेता है, कम खपत दर्ज करने के लिये मीटरों से छेड़छाड़ करता है एवं अनाधिकृत उद्देश्यों के लिये बिजली का उपयोग करता है, उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत कार्यवाही की जाती है। जिसमें जुर्माने के अतिरिक्त तीन वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। मुख्य अभियंता ने कहा कि इन सुरक्षा उपायों का पालन करके विद्युत लाईनों से होने वाले गंभीर खतरों से स्वयं को और दूसरो को बचा सकते हैं। बिजली के साथ सदैव सावधानी बरतें।

# रक्षाबंधन पर पेड़ों की आरती कर बांधा रक्षासूत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ग्राम डुन्डेरा में हितवा संगवारी संस्था से जुड़े युवा पिछले 25-26 वर्षों से हर साल रक्षाबंधन के दिन पेड़ों को राखी बांधते आ रहे है इस बार भी युवाओं ने संस्था प्रमुख रोमशंकर यादव के नेतृत्व में डुन्डेरा स्थित नर्सरी पहुंचकर पेड़ों की आरती ली इसके पश्चात पेड़ों को रक्षासूत्र (राखी) बांधकर इसकी रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान कविता यादव, पुखराज सिंह यादव, शिल्वी यादव, ट्विंकल यादव, नोहिल यादव, नीलमणी यादव, हिमशिखा यादव, विनिता आदि मौजूद थे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से पौधरोपण करने एवं अपने आसपास लगे पेड़ों की रक्षा करने अपील की।

### जिला मुख्यालय में उप मुख्यमंत्री शर्मा करेंगे ध्वजारोहण



**दुर्ग ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जिला मुख्यालय स्थित प्रथम बटालियन दुर्ग में आयोजित स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वाजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। परेड का निरीक्षण कर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।




# लेखराम बने परिक्षेत्रीय साहू समाज के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



न्यू आदर्श नगर परिक्षेत्रीय साहू समाज के लेखराम साहू अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। श्री सदगुरू कबीर साहेब समिति गोकुल नगर, पुलगांव ने अध्यक्ष लेखराम साहू, उपाध्यक्ष लूमन साहू एवं महिला उपाध्यक्ष तारा साहू के निर्विरोध निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। समिति के प्रमुख सलाहकार रमेश साहू, उपाध्यक्ष अनुरूप साहू, सचिव चन्द्रहास साहू, संतोष कुमार गोड, डॉ. टीकम साहू, नामदास साहू, रामाधार साहू, सीता देवी साहू, केआर कुल्हारा, संत कुमार साहू, प्रीतम दास साहू, महंत डेरहा साहेब, मीडिया प्रभारी डॉ. दीन दयाल साहू, समलूराम साहू, भक्तू साहू, खेमदास साहू, विद्यादेवी साहू, संतकुमारी गोंड, माधुरी साव, ललिता देवी, कौशल्या साहू नरेश साहू साधूराम साहू, तीरथ साहू, आदि कबीरपंथ समाज के पदाधिकारियों ने सभी नवविर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### शहर में बढ़ रहा डेंगू और पीलिया का संक्रमण, शिकायत

**भिलाई।** जिले की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हैं। दवाएं एवं जीवनरक्षक औषधियों की समय पर आपूर्ति नहीं हो रही है। आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर शिकायत की है।

अधिकांश अस्पतालों की इमारतें जर्जर हो चुकी है। साफ-सफाई की व्यवस्था अत्यंत खराब है। आपातकालीन सेवाओं हेतु एम्बुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। जांच हेतु आवश्यक उपकरण एक्सरे, ईसीजी, लैब टेस्ट की सुविधाएं अधिकतर जगहों पर नहीं है। डेंगू बुखार, पीलिया का प्रकोप बढ़ते जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कमोबेश ऐसे ही हालात है। आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर शिकायत की है। शिकायत करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश महासचिव वद्द आलम, अध्यक्ष संजय सिंह सहित अन्य शामिल हैं।



हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

## लाइव इवेंट

### सुरता वीर नारायण और मिनीमाता सामाजिक समरसता सम्मेलन आज



**भिलाई।** पुरखा के सुरता जन कल्याण समिति मरोदा भिलाई एवं सामाजिक कार्यकर्ता भिलाई-3 अहिवारा के संयुक्त तत्वावधान में सुरता शहीद वीर नारायण सिंह एवं ममतामयी माँ मिनीमाता सामाजिक समरसता सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 12 अगस्त को मंगल भवन भिलाई-तीन में आयोजित किया गया है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष राजूलाल नेताम व कार्यक्रम के सयोजक पद्मश्री राधेश्याम बारले ने बताया कि मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय होंगी। अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा करेंगे। विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण के विधायक व उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग ललित चन्द्राकर, पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक दुर्ग, भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित गीता बंजारे और राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित घनश्याम सिंह ठाकुर होंगे। कार्यक्रम में सुबह 11 बजे से हरिकीर्तन कामता प्रसाद शरण कुडेरादादर छुरा गरियाबंद द्वारा, मांदरी व गेड़ी नृत्य, भरथरी गाथा हिमानी वासनिक, लोकमंच लोक धरोहर अहिवारा लीलाधर साहू द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इनके अलावा छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त लोक गायक, गायिकाओं में वरिष्ठ लोक गायिका कविता वासनिक, छत्तीसगढ़ के प्रख्यात लोक गायक हिरेश सिन्हा व जितेश्वरी सिन्हा, लोक गायिका चम्पा निषाद, तुषान्त बारले, आरती बारले, जागेश्वरी मेश्राम, योगिता लहरी और प्रीति रात्रे डभरा की भी प्रस्तुति होगी।

कार्यक्रम में पुरोधा सम्मान में शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान, मिनीमाता स्मृति सम्मान, बहादुर कलारिन स्मृति सम्मान और बिलासा बाई केवटिन स्मृति सम्मान के अतिरिक्त समाजसेवी, शिक्षा विद, कलारत्न आदि 25 हस्तियों एवं प्रावीण्य सूची में नाम आने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजूलाल नेताम व संयोजक पद्मश्री राधेश्याम बारले ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

● ब्रज के फूलों की सजावट इस बार भिलाई में दिखने को मिलेगी, रहेगी आकर्षण का केंद्र

# 5 लाख के फूलों से सजेगा अक्षय पात्र, बांके बिहारी की तर्ज पर मथुरा और वृंदावन के कलाकार करेंगे श्रृंगार

कृष्ण जन्माष्टमी शनिवार को सभी मंदिरों में हर्षोल्लास के सात मनाई जाएगी। सेक्टर 6 अक्षय पात्र में इस बार कृष्ण भक्तों को मथुरा और वृंदावन की तर्ज पर फूलों की भव्य सजावट देखने को मिलेगी। जिसके लिए मुख्य रूप से बांके बिहारी मंदिर की सजावट करने वाले कारीगर मथुरा और वृंदावन से आयेंगे। लगभग 5 लाख के फूलों की सजावट इस बार भिलाई में दिखने को मिलेगी। हरे कृष्ण मूवमेंट के अध्यक्ष व्योमपद दास ने बताया कि सजावट के लिए विभिन्न प्रकार के फूल मुख्य रूप से मथुरा, कोलकाता, मदुराई तमिलनाडु, नागपुर से मंगाया गया है। जिसकी सजावट लोगो में आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस बार ब्रज शैली के भजन गायक अगम अग्रवाल अपनी सुमधुर आवाज में कृष्ण भजनों की प्रस्तुति देंगे।



**भिलाई।** ट्विनसिटी में जन्माष्टमी के लिए सभी मंदिरों में तैयारियां जोर-शोर से शुरु हो चुकी है। सेक्टर 6 ब्रज मंडल, नेहरु नगर, रिसाली सहित सभी राधा कृष्ण मंदिरों में रंग-रोगन के साथ-साथ जन्माष्टमी महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं शुरु हो चुकी है।



इसी कड़ी में हरे कृष्ण मूवमेंट अक्षय पात्र में 10 से लेकर 16 अगस्त तक पेंटिंग, ड्राइंग, गीता श्लोक पाठ, शास्त्रीय नृत्य, म्यूजीकल स्टूमेंट कांपीटिशन आदि किये जायेंगे। हरे कृष्णा मूवमेंट के प्रभु व्योमपद दास ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन 10 से 16 अगस्त तक किया गया है। यह भिलाई में आयोजित हो रहे जन्माष्टमी महोत्सव का 15वां वर्ष है। पिछले साल आयोजन में लगभग 70 हजार श्रद्दालु अक्षय पात्र पहुंचे थे, जो अब तक के सार रिकार्ड तोड़ दिये थे। ब्रज शैली के भजन गायक अगम अग्रवाल चंडीगढ़ से भिलाई पहुंचेंगे।

### कृष्ण जन्म पर होंगे विविध आयोजन



जन्माष्टमी उत्सव के अवसर पर सुबह साढ़े 4 बजे मंगल आरती, साढ़े 5 बजे श्री विग्रहों का प्रथम अभिषेक, 7 बजे बाल गोपाल के लिए भव्य झूलन उत्सव, साढ़े 8 बजे श्रृंगार दर्शन एवं आरती, दोपहर साढ़े 12 बजे प्रभु को छप्पन भोग अर्पण, शाम साढ़े 5 बजे से भिलाई-दुर्ग के प्रमुख कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिसके बाद साढ़े 7 बजे श्री राध कृष्ण का विशेष नौका विहार मंदिर परिसर में किया जाएगा। जिसके बाद प्रसिद्ध गायक अगम अग्रवाल द्वारा 8 भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रात 10 बजे से भव्य जन्माष्टमी अभिषेक किया जाएगा। मध्यरात्रि 12 बजे महाआरती भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोंत्सव मनाया जाएगा। आयोजन में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं मंदिर परिसर में की गई है। बारिश का ध्यान रखते हुए वाटर प्रुफ प्रतिरोधक पंडाल, दर्शकों की सुविधा के लिए सुव्यवस्थित प्रवेश और निकास व्यवस्था की गई है।

### हेरिटेज फेस्ट की हुई शुरुआत



पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्सव की शुरुआत हेरिटेज फेस्ट' रंगारंग बाल-सांस्कृतिक महोत्सव से की गई है। भिलाई एवं दुर्ग के विभिन्न विद्यालयों के छात्र इसमें भाग लेंगे। इस उत्सव में नृत्य, संगीत, चित्रकला एवं हस्तकला, पौराणिक वेशभूषा प्रतियोगिता आदि विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह प्रतियोगिता 4 से 17 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए खुली है। पंजीकरण ऑनलाइन या मंदिर परिसर में प्रत्यक्ष रूप से किया जा सकता है। मुख्य जन्माष्टमी उत्सव 16 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन संपूर्ण मंदिर को भव्य पुष्प सज्जा से सजाया जाएगा, जिसके लिए विशेष रूप से वृंदावन-मथुरा से कुशल पुष्प-सज्जाकार को बुलाया गया है।





## सिटी इवेंट

### आर्य समाज मंदिर में कराया यज्ञोपवीत धारण, मनाया गया संस्कृत दिवस



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग में यज्ञोपवीत धारण कर श्रावणी पर्व मनाया। आर्य समाज में सावन महीने का आखिरी दिन श्रावणी पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर वैदिक सिद्धांत अनुसार इस दिन से वेद का पठन पाठन आरंभ किया जाता है। इसकी शुरुआत ब्रह्मचारी के यज्ञोपवीत संस्कार के साथ होती है। बहुत से विद्वान लोग दिन को संस्कृत दिवस के रूप में भी मनाते हैं। सदस्यों ने बताया कि यह दिन आर्य समाज के बहुत बड़े गौरव का दिन है इस दिन आर्य वीरो द्वारा हैदराबाद आंदोलन कर उस पूरे आंदोलन को सफल बनाया जिसके फलस्वरूप हैदराबाद को भारत में विलय करना पड़ा। इसे हैदराबाद बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आर्य समाज मंदिर आर्य नगर में आर्य वीरों एवं आर्य वीरांगनाओं द्वारा यज्ञोपवीत लेकर वेद पठन-पाठन का संकल्प किया गया एवं अपना जीवन वेदोक्त बनाने का संकल्प लिया गया। स्वामी दयानंद के द्वारा नारी शिक्षा अभियान भी याद किया गया। साथ ही कासगंज से आए भजन उपदेशक सुकांत आर्य द्वारा यज्ञोपवीत के तीन धागों का महत्व समझाया गया। जिसे देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण के रूप में बताया गया। साथ ही कार्यक्रम के अंत में रक्षाबंधन के साथ सभी आर्य वीरों को आर्य वीरांगनाओं ने राखी बांधकर श्रावणी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर वैदिक विद्वान सुकांत आर्य, संजय आर्य, गोपाल आर्य, कृष्णमूर्ति आर्य, आशुतोष आर्य, तुषार आर्य, हिमांशु आर्य, अंकित आर्य, अतुल कुमार आर्य, आयुष आर्य, सुपर्णा आर्य साक्षी आर्या, कविता आर्या, भूमिका आर्या, निधि आर्या, निधि साहू, प्रिया देवांगन,निधि साहू की उपस्थिति रही।

## हर घर तिरंगा अभियान, किया पब्लिक मार्च और तिरंगा फहराने नागरिकों को किया प्रोत्साहित

**भिलाई।** सामरिक मुख्यालय महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल स्पेशल-ऑपरेशन छत्तीसगढ़ द्वारा सोमवार को भिलाई में हर घर तिरंगा अभियान-2025 के अंतर्गत तिरंगा यात्रा और पब्लिक मार्च का भव्य आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों सहित स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तिरंगा यात्रा सामरिक मुख्यालय से प्रारंभ होकर रिसाली क्षेत्र से होते हुए सामरिक मुख्यालय परिसर में संपन्न हुई।

सीमा सुरक्षा बल हर घर तिरंगा अभियान-2025 नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात सभी वाहिनियों एवं नागरिकों के साथ हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। बल अपने अधिकार क्षेत्र के नागरिकों को तिरंगे राष्ट्रीय ध्वज का वितरण कर उन्हें घर-घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित कर रहे है। सीमा सुरक्षा बल नक्सल विरोधी अभियान के साथ-साथ आम जनता की सुरक्षा के लिए भी संकल्पबद्ध है। इस अवसर पर भिलाई स्थित सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों एवं स्थानीय नागरिकों ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।





## राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की स्मृति में रक्तदान शिविर 24 को

**भिलाई।** विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की स्मृति के अवसर पर संस्था के समाजिक सेवा प्रभाग द्वारा 24 अगस्त जिला अस्पताल दुर्ग में सुबह 9 बजे से 6 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजऋषि भवन केलाबाड़ी दुर्ग में संचालिका ब्रह्माकुमारी रीटा, ब्रह्माकुमारी रूपाली की उपस्थिति में ब्रह्माकुमारीज के सदस्यों के साथ बैठक की गई। उन्होंने बताया कि भारत में ब्रह्माकुमारीज के सभी जिला व तहसील स्तर के सेवाकेन्द्रों के द्वारा यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस लक्ष्य को पूर्ण करने विभिन्न स्वयंसेवी व सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी रीटा एवं रुपाली ने मीटिंग में उपस्थित सभी भाई-बहनों से इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए अपने विचार एवं सभी के विचार इस संबंध में साझा किया। अंत में इस अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की रूपरेखा तैयार की गई।



## एक तीर एक कमान, सर्व आदिवासी एक समान के लगाए नारे,विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजन

**भिलाई।** केंद्रीय गोंड महासभा धमधा गढ़ के तत्वाधान में गोंडवाना भवन सिविल लाइन दुर्ग में गोंडवाना समाज द्वारा आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गोंडवाना के सभी देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर, समाज के महान बलिदानी अलुरी सीताराम राजू, राणा पूंजा भील, क्रांतिवीर तेजा भील, जननायक बिरसा मुंडा, शहीद गुण्डाधुर का पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने अपने विचार रखे। एक तीर एक कमान सर्व आदिवासी एक समान के नारे लगाए गए। साथ ही शमी का एक पौधा लगाया गया। समाज के लोगों ने शिक्षा को घर घर पहुंचाने का बीड़ा उठाया। शहीदों के सम्मान में दो मिनट की श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सीताराम ठाकुर, दिलीप ठाकुर, डॉ यशेश्वरी ध्रुव, लेख राम, महेंद्र, कमल कुमार, पी एल नेताम सहित समाज के सदस्य उपस्थित थे।



अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस विशेष : डब्लूएचओ और आईसीएमआर की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

# 30 से 45 साल तक की उम्र वालों में बढ़ रहा हार्ट अटैक दस साल में 15 फीसदी से ज्यादा मामले सामने आए

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर की हालिया रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में दिल के दौरा पड़ने के मामले पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़े हैं। दुनियाभर में 30 से 45 वर्ष की उम्र के युवाओं में हार्ट अटैक के मामलों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। पहले हृदय रोगों को उम्रदराज़ लोगों की समस्या माना जाता था, वहीं अब यह युवाओं के लिए भी एक गंभीर खतरा बन रहा है। डब्लूएचओ की जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में हर साल करीब 1.79 करोड़ लोग हृदय संबंधी बीमारियों के कारण जान गंवा रहे हैं।



### 32 फीसदी मौतें दिल की बीमारी से जुड़ी

यह सभी प्रकार की मौतों का लगभग 32% है। इन मौतों में से 85% हार्ट अटैक और स्ट्रोक की वजह से रही हैं। कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामलों में पिछले 10 वर्षों में 15 से 20% की वृद्धि दर्ज की गई है। भारत में हर साल लगभग 28 लाख लोगों की मौत हृदय रोगों से होती है। हर चौथा भारतीय दिल की किसी न किसी बीमारी से पीड़ित है।

### कोलेक्ट्रॉल बढ़ा रहा दिल की बीमारी, डेयरी और प्रोसेस्ड फूड सबसे बड़ा कारण

रिपोर्ट के मुताबिक दिल की बीमारी का सबसे बड़ा कारण कोलेस्ट्रॉल है। 35% शहरी युवा हाई ब्लड प्रेशर या हाई कोलेस्ट्रॉल से प्रभावित हैं। विशेषज्ञों की मानें तो डेयरी और प्रोसेस्ड फूड कोलेक्ट्रॉल का सबसे बड़ा कारण बनकर उभरा है। हर 33 सेकंड में एक भारतीय हार्ट डिजीज़ से जान गंवा रहा है। कोविड-19 के बाद हार्ट अटैक के मामलों में 15 से 20% की बढ़ोतरी देखी गई है। मांस सेवन से भी कोलेक्ट्रॉल बढ़ रहा है। अनिद्रा, नियमित व्यायाम का अभाव भी इसका एक प्रमुख कारण है। डेयरी प्रोडक्ट के इस्तेमाल से कोलेस्ट्रॉल बढ़ रहा है।

### संतुलित आहार और नियमित व्यायाम ही सबसे बेहतर इलाज

विशेषज्ञों की मानें तो संतुलित आहार और नियमित व्यायाम से इस बीमारी के असर को कम किया जा सकता है। धूम्रपान व शराब से परहेज़ करें। सालाना हेल्थ चेकअप विशेष रूप से ईसीजी, बीपी, लिपिड प्रोफोइल जैसी जांचें कराएं। तनाव प्रबंधन के लिए योग करें। पर्याप्त नींद लें। विशेष रूप से युवा अपनी दिल की सेहत को प्राथमिकता दें, क्योंकि वे ही देश का भविष्य हैं।

### दिल की बीमारी तेजी से बढ़ रही, अवेयरनेस जरूरी



दिल की बीमारी तेजी से बढ़ रही है। युवाओं में हार्टअटैक के मामले सामने आ रहे हैं। इसके लिए अवेयरनेस जरूरी है। सीपीआर का प्रशिक्षण आवश्यक है। युवाओं में विशेष रूप से 25 से 40 साल तक में भी यह बीमारी सामने आ रही है। इसके लिए संतुलित खानापाना आवश्यक है।

-डॉ. अनिल अग्रवाल,
सेवानिवृत्त चिकित्स, स्वास्थ्य विभाग दुर्ग

### धूम्रपान, शराब सेवन और असंतुलित खानपान बड़ा कारण



धूम्रपान, शराब सेवन और असंतुलित खानपान इस बीमारी का सबसे बड़ा कारण है। हम अब 28 से 30 साल के युवा मरीज देख रहे हैं जो पहले पूरी तरह फिट लगते थे। अब किसी न किसी हृदय रोग संबंधित बीमारियों से पीड़ित हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी बनती जा रही है।

-डॉ. आकाश बख्शी,
हृदय रोग विशेषज्ञ, आरोग्यम हॉस्पिटल दुर्ग

## सिटी इवेंट

# बरसात में संक्रमण से बचने बांटा डिटर्जेंट फिनाइल और क्लीनर, बुजुर्गों में दिखी खुशी




**भिलाई।** वृद्धाश्रम, मानसिक रूप से विक्षिप्त, बेघर और बेसहारा लोगों की सेवा कर रहे फील परमार्थ फाउंडेशन सेक्टर-3 भिलाई में विशेष स्वच्छता अभियान और सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिशा संस्था द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान सदस्यों ने बुजुर्गों का हालचाल जाना और उनके साथ समय बिताया। समाज में सेवा और अपनत्व का संदेश फैलाने के लिए टीम के सदस्य दुर्ग एवं भिलाई स्थित विभिन्न वृद्धाश्रमों एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त, बेघर और बे सहारा लोगों को सेवा रहें संस्थान में पहुंचे। उन्होंने वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया और बरसात के मौसम में संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री जिसमें कपड़े धोने के लिए डिटर्जेंट, परिसर में सफाई रखने फिनाइल आदि सामान दिये गए। इसके अलावा वृद्धाश्रम में फल तथा महिलाओं को साड़ियां वितरित की गई। सेवा कार्य में प्रमुख महिला सदस्यों में सुधा, रीना दास, झरना, रानी राय, एलिस ने न केवल सामग्री वितरित की, बल्कि वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें भावनात्मक सहयोग भी प्रदान किया।

इस अवसर पर फील परमार्थ फाउंडेशन के संस्थापक इंजीनियर अमित राज ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था की यह निरंतर सेवा, स्नेह और समर्पण, मानवता की मिसाल है और समाज को आपसी प्रेम के सूत्र में बांधने का कार्य करती है। टीम के डॉ. सुरेश शर्मा ने इसे सामाजिक नवचेतना का प्रतीक बताते हुए कहा कि प्रेम, अपनत्व और सेवा की भावना से ही सच्चे समाज का निर्माण होता है। राजेश धारकर ने कहा कि यह आयोजन केवल एक रस्म नहीं, बल्कि टीम का एक सतत मिशन है। शांतनु दासगुप्ता ने भावुक क्षण साझा करते हुए बताया कि आश्रम के कई बुजुर्गों की आँखें नम थीं और माताओं के चेहरे आश्चर्य मिश्रित खुशी से खिल उठे। भास्कर देवनाथ ने आश्रम प्रबंधकों से परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बातें कही। इस सेवा कार्य में सुजीत चक्रवर्ती, भास्कर देवनाथ, बापी दास, उत्तम डे, देबाशीष मजूंमदार, कल्याण राय, राजेश धारकर, जवाहर, शांतनु दासगुप्ता, प्रदीप दास, अंजन राय चौधरी, के.सी. राव, मोहन गिरी, जी.एस. संधू सहित अनेक सदस्यों ने पूरे समर्पण भाव से योगदान दिया।

## सिटी लाइव

# जहां ज्ञान और शक्ति मिलते हैं, वहां विजय सुनिश्चित होती हैः डॉ. अजय आर्य



**भिलाई।** शिव शक्ति महिला समिति ने संयोजिका नीता चौरसिया के नेतृत्व में बीएसएफ हेडक्वार्टर, रिसाली एसबीआई बैंक के पास में 175 से अधिक जवानों को राखी बाँधकर राष्ट्ररक्षा में उनके योगदान को नमन किया। बहनों ने मिठाई खिलाकर जवानों के सुख, स्वास्थ्य व दीर्घायु की मंगलकामनाएं दी। मुख्य वक्ता आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा रक्षाबंधन मात्र एक धागा नहीं, यह राष्ट्ररक्षा का संकल्प है। जब ज्ञान कृष्ण और शक्ति (अर्जुन) मिलते हैं, तभी धर्म की विजय होती है। उत्तर प्रदेश के सुंकांत आर्य के देशभक्ति गीतों ने माहौल भावुक कर दिया। आचार्य अंकित दवरा मिठाई वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल, पायल जैन, संघ प्रचारक सुनील पटेल, आयोजन के सूत्रधार प्रदेश अध्यक्ष, सलूट तिरंगा संगठन मनोज ठाकरे, बीएसएफ के कमांडेंट विवेक श्रीवास्तव, असिस्टेंट कमांडेंट नरेंद्र गाची, समन्वयक मनोज चौरसिया उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल पर्व नहीं, बल्कि सैनिकों के प्रति सुरक्षा, सम्मान और समर्पण का अटूट संकल्प है। महिला प्रतिनिधि उपासना साहू, निधि चंद्राकर, ममता राव, संध्या मंडलोई, रजनी सोनी, ललिता सिंह, ललिता पिल्ले, सोनी त्रिपाठी, सुधा यादव, संगीता लहरी, अश्विनी नागल सहित 11 संगठनों की महिलाएं आयोजन में शामिल रहीं।

## सिटी लाइव

# बढ़ते तापमान, घटती वर्षा को मेंटेन करने युवाओं ने किया पौधारोपण




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज केंद्रीय युवा कार्यकारिणी टीम द्वारा द्वितीय चरण पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत तिल्दा राज के स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव शाला परिसर में मौलश्री और मोहगनी का पौधारोपण किया। इससे पूर्व रायपुर राज और दुर्ग राज में पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया था। केंद्रीय युवा अध्यक्ष के दस राज में पौधारोपण के संकल्प को युवा टीम साकार करने लगातर प्रकृति के संरक्षण के लिए सजगता से कार्य कर रही है। टीम के युवा सदस्यों का कहना है कि बढ़ते तापमान, घटती वर्षा और पेड़ो की अंधाधुंध कटाई से प्रकृति के संतुलन में प्रभाव पड़ रहा है। जिससे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भीषण ताप से जनजीवन अमानवीय हो रहा है। जिसके नियंत्रण का एक मात्र उपाय पौधारोपण है। प्रकृति की सेवा करते हुए आसपास के लोगों में जागरूकता लाने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, केंद्रीय युवा उपाध्यक्ष लोकेश कुमार वर्मा, केंद्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, केंद्रीय युवा पर्यावरण प्रकोष्ठ लक्ष्मण कुमार वर्मा, इंद्रकुमार वर्मा, सरपंच पूर्णिमा वर्मा, रामकुमार वर्मा, गोविंद वर्मा, मनीष, दीपक, अभिलाष वर्मा, संजय वर्मा, नूतन वर्मा, चंद्रकला वर्मा, संतराम वर्मा, सतीश वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, हरीश वर्मा, राज वर्मा सहित युवा सदस्य शामिल थे।

### भिलाई लोधी क्षत्रिय समाज का आयोजन, वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# पारंपरिक वेशभूषा व सिर में टोकरी लेकर महिलाओं ने निकाली भोजली शोभायात्रा, सुवा नृत्य में नजर आई संस्कृति की झलक

**भिलाई।** लोधी क्षत्रिय समाज भिलाई एवं दुर्ग द्वारा रक्षाबंधन एवं भोजली त्यौहार के अवसर पर लोधी समाज के पारंपरिक भोजली शोभा यात्रा गाजे-बाजे की धुन में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। यह यात्रा लोधी भवन कोहका से सिरसा रोड होते हुए आर्य नगर शीतल तालाब में पहुंची, जहां भोजली विसर्जित किया गया। भोजली पर्व पूरे छत्तीसगढ़ में लोधी समाज के लोग परंपरानुसार मानाते हैं। भोजली यात्रा की शुरुआत विधिविधान से पूजा-अर्चना कर की गई। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना पश्चात विभिन्न क्षेत्रों से लेकर आए भोजली की पूजा अर्चना करके भवन से शोभायात्रा निकाली गई।





### पारंपरिक वेशभूषा में दी लोक नृत्यों की प्रस्तुति



इस अवसर पर चलचित्र झांकी के साथ पारंपरिक वेशभूषा में कतारबध महिलाएं एवं बालिकाओं ने सिर पर टोकरी लेकर शोभायात्रा निकाली। साथ ही वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की वेशभूषा में बालिकाओं ने शोभायात्रा की अगुवाई की। महादेव व पार्वती की वेशभूषा में लोक कलाकारों द्वारा शिव के गणों के रूप में लोक नृत्य की झांकी के साथ नृत्य करते हुए, पारंपरिक लोधी वेशभूषा में महिला समिति एवं विभिन्न इकाई से आए हुए महिलाएं एवं बालिकाओं ने छत्तीसगढ़ के लोक पारंपरिक नृत्य सुवा, पंथी और कर्मा नृत्य व संगीत की शानदार प्रस्तुति भी दी।

### भोजली देकर एक दूसरे को दी बधाई

भोजली यात्रा के दौरान नाचा के साथ लोधी समाज के पुरुष व बच्चों ने हाथों में झंडा लेकर जयकारे लगाते हुए हजारों की संख्या में इस शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। इस दौरान जमकर आतिशबाजी युवाओं द्वारा की गई। शोभायात्रा सिरसा रोड होते हुए शीतल तालाब आर्यनगर में विसर्जित किया गया। विसर्जन के बाद भोजली को एक दूसरे के कान में डालकर गले लगाते हुए एक दूसरे को रक्षाबंधन एवं भोजली पर्व की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गई। बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा पारंपरिक सुवा नृत्य किया गया। जिसके बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### किया विसर्जन



छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति एवं आनुष्ठानिक पर्व भोजली को जन-जन में पुनर्जीवित करने तथा संस्कृति की समग्रता को हस्तांतरित करने की दृष्टि से भिलाई चरोदा निगम स्तरीय भोजली उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य संयोजक प्रेम लाल साहू एवं पूर्व निगम अध्यक्ष सीता साहू, जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा के संयोजन में आयोजित 40 वार्डों के निगम स्तरीय भोजली उत्सव का समापन समारोह जुगल किशोर बंछोर सांकृतिक मंच भिलाई 3 में दोपहर एक बजे किया गया। इस अवसर पर समाज प्रमुखों सहित 40 वार्ड की महिला सदस्याओं ने अपनी भोजली लेकर शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भोजली दाई और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के बाद स्थानीय जसगीत मंडलियों के नेतृत्व में गतवा तालाब तक भोजली माता की शोभायात्रा निकाली गई। साथ में निगम स्तरीय भोजली उत्सव आयोजन समिति की ओर से सहभागियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन समिति की अध्यक्ष तुलसी मरकाम सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की लोक सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने सक्रियता के साथ सहयोग दिया।

### शोभा यात्रा में रहे शामिल

शोभा यात्रा के मुख्य रूप से रमेश पटेल पूर्व महामंत्री छत्तीसगढ़ लोधी समाज, महेश वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा भिलाई, लालचंद वर्मा एमआईसी सदस्य नगर निगम भिलाई, उत्तम चंदेल अध्यक्ष, विशाल राम वर्मा उपाध्यक्ष, राजेश जंघेल महासचिव, रामावतार चंदेल कोषाध्यक्ष, मनीराम वर्मा अंकेक्षक, कार्यकारी सदस्य में अशोक वर्मा, रमेश वर्मा, सुरेश वर्मा, भगवती वर्मा, विभिन्न इकाई अध्यक्ष अनीता वर्मा, पुष्पा जंघेल, इंद्रजीत सिंह वर्मा, विजय जंघेल, दीपक जंघेल, द्वारका जंघेल, संतोष जंघेल, मलखान सिंह लोधी, जतन दमाहे, कल्याण सिंह राजपूत, नंद कुमार कौशिक, खेमलाल वर्मा , किशोर वर्मा ,भूषण वर्मा, रूपेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी एवं गणमान्य सामाजिक जन उपस्थित थे।

## सावन क्वीन प्रतियोगिता

# सावन संग व्यापार में महिला चेम्बर ने किया रैंप वॉक, सविता बनी क्वीन




**भिलाई।** महिला चेम्बर भिलाई की नवनियुक्त अध्यक्ष सुमन कन्नोजे के नेतृत्व में इस कार्यकाल का पहला कार्यक्रम सावन संग व्यापार आयोजित किया गया। कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित सावन संग व्यापार कार्यक्रम में महिला चेम्बर भिलाई की महिलाओं ने रैंप वॉक किया। इस दौरान विभिन्न गेम्स और प्रश्न उत्तर राउंड में सदस्याओं ने बेबाकी से जवाब दिया और विजेता बनी। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने हरे रंग के परिधान में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। फिल्मी धुनों पर डांस सभी ने पसंद किया। गुदगुदाते प्रश्नों के उत्तर देकर अनेक महिलाओं ने पुरस्कार भी प्राप्त किये। सावन क्वीन प्रतियोगिता में सावन क्वीन का खिताब सविता शर्मा को दिया गया। फर्स्ट रनरअप उदिता तिवारी व सेकंड रनरअप पूजा वर्मा को घोषित किया गया। सावन संग व्यापार कार्यक्रम में प्रदेश महिला इकाई से प्रदेश अध्यक्ष डॉ इला गुप्ता ,प्रदेश महामंत्री सुषमा एवं विशेष अतिथि के रूप में ब्रह्मकुमारी से आशा बहन, काजल श्रीवास, वैशाली नगर की पार्षद स्मिता दोड़के, डॉ मानसी गुलाटी, वीना चंद्राकर, कंचन सिंह उपस्थित रही। टीम ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी। महिला चेम्बर संरक्षक गीता वर्मा, प्रभारी सरोजनी पाणिग्रही, कार्यकारी अध्यक्ष रश्मि वर्मा ने आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मीनाक्षी, सविता, सुनीता, ज्योति, माधुरी, अमिता जैन, उदिता, टीना सातपुते, संध्या महापात्रा, सविता नाहक, श्वेता टुंपा, झुन्नू पात्रा, सविता महापात्रा, जयश्री, पूर्णिमा ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कामकाजी महिलाएं जिस आत्मविश्वास से व्यापार चलाती है उसी विश्वास के साथ चैंबर की महिलाओं ने रैंप वॉक किया। रैंप पर संजू साहू , प्रीति देशमुख, जया लक्ष्मी, भारती मिन्नते, जयश्री, पूर्णिमा, नमिता ने अपना जलवा बिखेरा। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अर्चना पांडेय एवं संजू मिश्रा थी। कार्यक्रम में आर शेखरन, पुष्पलता कर, उर्वशी दास, दमयंती, फूलोंदेवी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी ।

### छत्तीसगढ़ बजरंग दल की हुई बैठक

# बजरंग दल मनाएगा विजयादशमी उत्सव, निकालेंगे मशाल रैली



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा आने वाले पर्व के कार्यक्रमों को लेकर बैठक की गई। हर साल की तरह इस वर्ष भी आगामी कार्यक्रमों की कड़ी में अखंड भारत दिवस 14 अगस्त और विजयादशमी उत्सव तैयारियों की योजना को संदर्भ में बैठक आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ बजरंग दल प्रांत संयोजक के निर्देश पर विभाग संयोजक रवि निगम ने सभी जिला और प्रखंड के अधिकारियों की बैठक महाराणा प्रताप भवन शंकर नगर में आयोजित की गई। जिसमें अखंड भारत उत्सव की मशाल रैली शहीद चौक दुर्ग से पटेल चौक तक मशाल रैली निकाली जाएगी। इसके बाद भारत माता की आरती कर कार्यक्रम के समापन की योजना बनाई गई। अनेक कार्यक्रम के लिए बजरंग दल के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें रवि निगम के अलावा मुख्य रूप से संगठन विभाग के ईश्वर गुप्ता, जिला सत्संग प्रमुख इंद्रजीत गोस्वामी, जिला सह मंत्री अपूर्व सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजपुर, शहर अध्यक्ष अमित राजपूत, जिला गौसेवा विभाग के ऋषभ जैन, ज्ञान चंद समेत 30 अधिकारी उपस्थित रहे।अंत में रवि निगम ने आगामी कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान करने के लिए सभी उपस्थित बजरंगियों को लक्ष्य दिया गया।

**अखंड भारत दिवस व विजयादशमी उत्सव तैयारी के लिए हुई बैठक**

### अब रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज एमएमएसई का फैसिलिटेशन सेंटर

कार्नर न्यूज

# मंत्रालय ने देश में 10 इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी फैसिलिटेशन सेंटर चुने, प्रदेश में पहला निजी संस्थान रूंगटा 1 को मिला मौका...

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के लघु उद्योगों को अब तकनीकी परामर्श मिलेगा। देश के बड़े उद्योगों के एक्सपर्ट्स मेंटर बनेंगे। लघु उद्योगों के बिजनेस आइडिया को और बेहतर बनाकर उनके लिए सटीक मार्केट उपलब्ध कराने में भी मदद की जाएगी। इसके लिए एमएसएमई मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ का पहला इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी फैसिलिटेशन सेंटर भिलाई में शुरू कर दिया है। एमएसएमई ने इनोवेटिव स्कीम 2025-26 के तहत देशभर में 10 फैसिलिटेशन सेंटर की शुरुआत की है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ के लघु उद्योगों और उनके बिजनेस आइडिया को आगे बढ़ाने के लिए रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के संघटक इंजीनियरिंग कॉलेज को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी फैसिलिटेशन सेंटर का दर्जा दिया गया है। इसके लिए रूंगटा कॉलेज के आईपीएफसी सेंटर को अनुदान के तौर पर 47.22 लाख की ग्रांट स्वीकृत की गई है। आरटीईटी यह गौरव पाने वाला छत्तीसगढ़ का पहला निजी संस्थान बन गया है। एमएमएमई इस सेंटर के लिए एक साल में एक करोड़ रुपए तक की ग्रांट उपलब्ध कराएगा। जिससे प्रदेश के लघु उद्योगों को मदद दी जाएगी।



### लघु उद्योगों को क्या फायदा

डीन आरएंडडी डॉ रामकृष्ण राठौर ने बताया कि, इस सेंटर का मुख्य काम लघु उद्योगों के प्रतिनिधियों और उद्योगों की हस्तियों को कनेक्ट करना होगा। इसके साथ लघु उद्योगों के आइडिया और बिजनेस के पेटेंट, ट्रेडमार्क, डिजाइन और कॉपीराइट पंजीकरण में मार्गदर्शन का काम भी रूंगटा के आईपीएफसी सेंटर के जरिए होगा। इस सेंटर में पंजीयन के बाद लघु उद्योगों को तकनीकी परामर्श और उद्योग विशेषज्ञों से मेंटरशिप मिलेगी। एक्सपर्ट के साथ लघु उद्योग नवाचार को बाजार तक पहुंचने की रणनीति बनाएंगे। इन सुविधाओं से युवा इनोवेटर्स, कारीगरों, स्टार्टअप्स और स्थानीय उद्यमियों को अपने विचार सुरक्षित कर उन्हें सफल व्यवसाय में बदलने का अवसर मिलेगा।

### लघु उद्योगों व स्टार्टअप्स को नए मौके

यह आईपीएफसी सेंटर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स को बौद्धिक संपदा (इंटेलेक्चुअल प्रॉपटी) पंजीकरण, संरक्षण और व्यावसायीकरण की सुविधा उपलब्ध कराएगा। छत्तीसगढ़ में अब केवल तीन आईपीएफसी सेंटर हैं। पहला एमएसएमई डीआई, दूसरा सीजीकॉस्ट रायपुर और अब तीसरे संस्थान के तौर पर रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज को शामिल किया गया है। इस सेंटर के माध्यम से उद्यमी अपने विचारों को सुरक्षित कर प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकेंगे।

### नवाचार में अग्रणी भूमिका

रूंगटा आर ग्रुप का अपना बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर रूबी पहले से ही 2 छात्र इनोवेटर्स, 17 स्टार्टअप और 10 इनक्यूबीटी स्टार्टअप्स को क्षमता निर्माण, तकनीकी सहयोग और उद्योग मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। अब आईपीएफसी के रूप में आरसीईटी इन सेवाओं का दायरा और बढ़ाएगा, ताकि छत्तीसगढ़ एमएसएमई और स्टार्टअप इकोसिस्टम राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके। इस उपलब्धि पर रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हर इनोवेटर और उद्यमी को विश्वस्तरीय बौद्धिक संपदा संरक्षण और नवाचार समर्थन मिले, ताकि एमएसएमई और स्टार्टअप इकोसिस्टम नई ऊंचाइयों को छू सके।

### पेटेंट फीस में छूट मिलेगी

इस सेंटर के जरिए नए लघु उद्योगों की शुरुआत करने वालों को भी मदद मिलेगी। वहीं ऐसे उद्योग जो बिजनेस को पंजीयन के साथ-साथ बिजनेस प्रोडक्ट या आइडिया कॉपीराइट चाहते हैं, उनको भी यहां से परामर्श मिलेगा। पेटेंट और आईपीआर फाइल करने के दौरान उद्योगों को भारी फीस चुकानी होती है। यदि वे इस सेंटर में पंजीयन करते हैं तो पेटेंट में लगने वाली फीस में बड़ी छूट मिलेगा या उनका पैसा शुल्क ही वापस हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### दुर्ग में जनपद सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन के नव निर्वाचित जनपद सदस्यों का आधारभूत विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण अंजोरा में प्रारंभ हुआ। जिसमे प्रशिक्षण में दिनेश साहू , रश्मि वर्मा आनंद बघेल अजय साहू उर्वशी वर्मा शैलेश साहू , रवि सिन्हा ,भाष्कर वर्मा, दीपमाला जैन खेमलाल देशलहरे, प्रणव शर्मा , भावना निषाद दामनी साहू सन्तोषी ठाकुर, डुलेश्वर मानकुंवर, चंद्रिका कलिहारी जनपद सदस्य शामिल प्रशिक्षण में शामिल हुआ। नवनियुक्त जनपद पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक बीके शर्मा सेवानिवृत सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग द्वारा पंचायत राज अधिनियम 1994 के नियम के अनुसार 73 सविन्धन संशोधन की आवश्यकता विशेषता एवं पंचायत राज अधिनियम 1994 की जानकारी, ग्राम सभा, अविश्वास प्रस्ताव धारा 28 आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

### ओए की निकली साइकिल तिरंगा रैली

**भिलाई।** भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के तहत बीएसपी साइक्लिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं बीएसपी सायकल पोलो क्लब के तत्वावधान में 26 वीं सायकल रैली बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन प्रगति भवन से शुरू हुई। यह तिरंगा रैली में 75 बच्चों के साथ बीएसपी साइक्लिंग क्लब, बीएसपी सायकल पोलो क्लब एवं साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। बीएसपी साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष एवं ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, साइकिलिंग पोलो क्लब और ओए महासचिव परविंदर सिंह व साइकिलिंग एसोसिएशन छग के महासचिव विनायक चन्नावर के नेतृत्व ने किया। सांसद विजय बघेल आयोजन में शामिल हुए।

## निधन

### एम सूर्य नारायण

**भिलाई।** 33 सी स्ट्रीट-14, स्मृति नगर निवासी एम सूर्य नारायण का



निधन 11 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 अगस्त को सुबह 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी एम इंदिरा व दो बेटियां सरिता पति रवि चंदन तथा रामेश्वरी अकुला पति राकेश अकुला सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# जिले के 381 गांवों में घर-घर उठेगा कचरा, वसूला जाएगा यूजर चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विगत दिवस जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने अवगत कराया कि ग्राम स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत समस्त 381 ग्रामों में घर-घर कचरा एकत्रिकरण कर सेग्रीगेशन वर्कशेड में स्वच्छाग्राहियों द्वारा पृथक्कीकरण का कार्य किया जा रहा है। कुल 155 ग्रामों में घरों से एवं 90 ग्रामों में बाजार व दुकानों से स्वच्छता युजर चार्ज लिया जा रहा है। 4 ग्राम बिजनेस मॉडल की स्थिति को प्राप्त कर चुके हैं। 307 ग्राम की स्वच्छाग्राहियों द्वारा कबाड़ी वाले के साथ एमओयू किया गया है। प्रतिमाह एकत्र युजर चार्ज एवं विक्रय किये गये प्लास्टिक वेस्ट से आय की ग्रामवार जानकारी भी दी गई।

मनरेगा अंतर्गत निर्मित 2140 सामुदायिक नाडेप एवं 835 वर्मी कंपोस्ट क्रियाशील अवस्था में है। साथ ही सेग्रीगेशन शेड के समीप एक-एक नाडेप एवं वर्मी कंपोस्ट पिट का निर्माण किया गया है। नाली के अंतिम छोर में सोकपीट निर्माण किये जाने हेतु जनपद पंचायत दुर्ग में 81, धमधा में 162 एवं पाटन में 450 इस प्रकार कुल 693 स्थानों को चिन्हांकित किया गया है। इस हेतु जनपद पंचायत धमधा से 195 एवं जनपद पंचायत पाटन से 127 मांगपत्र प्राप्त हुए है। जनपद पंचायत दुर्ग में 506, जनपद पंचायत धमधा में 935 एवं जनपद पंचायत पाटन में 1415 इस प्रकार कुल 2856 तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सार्वजनिक स्थानों पर पूर्व में निर्मित सोकपिट क्रियाशील है। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रतिमाह बिजनेस मॉडल ग्राम की संख्या को बढ़ाने तथा कबाड़ी वाले के साथ शेष एमओयू को 10 दिवस के भीतर करने के निर्देश दिये। उन्होंने जैविक कचरे के निपटान हेतु निर्मित समस्त वर्मी व नॉडेप टैंक को क्रियाशील रखे जाने हेतु निर्देश दिये।

### सोकपिट निर्माण करने मांगपत्र दिए जाने के दिए निर्देश

कलेक्टर सिंह ने जनपद पंचायत दुर्ग से नाली के अंतिम छोर में सोकपिट निर्माण करने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति हेतु मांगपत्र दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा समस्त चिन्हांकित स्थानों के लिए तकनीकी स्वीकृति एवं मांगपत्र प्रेषित किये जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अभिसरण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 344 रिचार्ज पिट कार्य पूर्ण किये जा चुके है। जिसमें से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 25 हैण्डपम्पों का चयन कर मई 2025 में जांच किया गया है। जिसमें रिचार्ज पिट निर्माण पश्चात जल स्तर बढ़ने की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। ट्रिपल पी मॉडल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलिहापुरी को ए.एस. पॉलिमर संस्था से लिंक कर एमओयू किया गया है। जिनके माध्यम से गट्टा मशीन लगाकर प्लास्टिक प्रोसेसिंग किया जायेगा तथा ग्राम पंचायत गाड़ाडीह जनपद पंचायत पाटन में समर्थन संस्था से लिंक कर एमओयू किया जा रहा है। जिसके माध्यम से प्लास्टिक गलाकर नई सामग्री तैयार की जाएगी। इस हेतु तीनों विकासखण्ड के सभी ग्राम में निर्मित सेग्रीगेशन शेड को लिंक किया गया है। ग्रामों से प्लास्टिक एकत्र कर पीडबल्यूएमयू तक लाने के लिए माल वाहक ई-रिक्शा की आवश्यकता है। जिसके लिए कलेक्टर से डीएमएफ मद से ई-रिक्शा प्रदाय किये जाने हेतु प्रस्ताव रखा गया है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से समस्त हैण्डपम्पों के वाटर लेवल परीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत कराये जाने तथा मानसून के पश्चात एवं ग्रीष्म काल में पुनः वाटर लेवल जांच करने के निर्देश दिये।

### पटेल समाज की बैठक में दी एकजुटता का संदेश

**पाटन।** पटेल समाज पाटन राज के कार्यकारिणी की बैठक पटेल धर्मशाला पाटन में आयोजित हुआ। तत्पश्चात अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सामाजिक कार्यक्रमों में युवाओं, महिलाओं को आगे आना, आदर्श विवाह के लिए प्रत्येक ग्राम समाज को आगे आने की अपील की। वहीं पाटन राज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल, दुर्ग जिलाध्यक्ष आत्माराम पटेल, संरक्षक गौकरण पटेल, गणेश पटेल, दुर्ग राज अध्यक्ष गया पटेल एवं टीम, रायपुर राज अध्यक्ष राजकुमार पटेल आदि उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों को दी गुड टच-बेड टच की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के सेक्टर नगपुरा में परियोजना अधिकारी ऊषा झा के मार्गदर्शन में पीएमसी सेजल हाईस्कूल में स्तनपान सप्ताह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, सरपंच सरोज रिगरी, प्राचार्य बसंत कुमार यादव, सखी वन स्टाप सेंटर देवलता तिवारी, महिला पुलिस प्रियंका शर्मा, पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा उपस्थित थीं।

कार्यक्रम की शुरुआत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाया तत्पश्चात बालिकाओं की रैली निकाली गई। प्रियंका शर्मा, महिला पुलिस द्वारा महिलाओ मे घरेलू हिंसा, लैगिंक हिसा, बलत्कार,भ्रुण हत्या, लिंग चयन संबंधित जानकारी दी, देवलता तिवारी ने बालिकाओं



को स्वयं की सुरक्षा बचाव कैसे करना है, किसी अनजान व्यक्ति अपना फोटो, मोबाइल नंबर नही दे, इस्टाग्राम मे फोटो नहीं डाले,घरेलू हिसा की जानकारी हो तो सखी वन स्टापसेंटर को 181 मे काल करे,विस्तार से जानकारी दी, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने मोबाइल का उपयोग कम से कम करना है, सारा ध्यान पढ़ाई में लगाना है तब आगे चलकर पुलिस, डॉक्टर, इंजीनियर, जज बनोगे ,बालिकाओ को ऊंचे पद में आसीन होने एवं कड़ी मेहनत करने कहा।






### स्कूल में हुआ इको क्लब का गठन



**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवबलौदा में इको क्लब का गठन और संस्कृत सप्ताह समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि वार्ड 31 की पार्षद भारती सूर्यवंशी थी। विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व पार्षद राम कुमार सूर्यवंशी थे। इस दौरान इको क्लब के सदस्यों को तिलक लगाकर व बैज पहना कर सम्मान किया। शाला स्तर पर निबंध, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख सूर्या शिखा लवंग ने इको क्लब के गठन का मुख्य उद्देश्य और संस्कृत भाषा के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में शाला परिवार के शिक्षक, शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

### घर-घर तिरंगा को लेकर बैठक



**भिलाई।** हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा का कार्यक्रम के लिए चरोदा मंडल में बैठक हुई। जिसमें तिरंगा यात्रा को लेकर साई मंदिर परिषद में चर्चा हुई। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर ने दिया। भिलाई भाजपा जिला की ओर से नियुक्त प्रभारी के तौर पर बृजेश भोजपुरिया ने कार्यकर्ताओं से निवेदन किया की मंडल के सभी शक्ति के दो एवं बूथों पर उपस्थित कार्यकर्ता तिरंगा लगाकर, सेल्फी लेकर शुरुआत करेंगे। बैठक में राजेश श्रीवास्तव, महामंत्री पूर्णिमा ठाकुर ने किया। समापन संयोजक टी रमना ने किया। उपनेत प्रतिपक्ष चंद्र प्रकाश पांडे, वेद प्रकाश पांडे, सुजाता डोंगरे, परमजीत सिंह रामा रेड्डी, एम अरुण, पार्षद शिवकुमारी यादव, रीती वर्मा, अश्वनी जोशी, सुब्रत दास गुप्ता, दिलीप साहू आदि मौजूद थे।

# बच्चों को ऐसा पढ़ाओ कि वे आपका गुणगान करें : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सत्र की शुरुआत को यादगार बनाते हुए पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोरी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू थे। उन्होंने कहा गुरुओं की कृपा से ही जीवन में प्रगति मिलती है। आज का दिन केवल स्कूल का पहला दिन नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला उत्सव है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन ही जीवन की नींव है, इसलिए इसे बोझ नहीं, एक अवसर की तरह लें और तनाव मुक्त होकर पढ़ाई करें, विधायक ने स्कूल के विकास कार्य मांग को जल्द ही पूरा करने का आश्वासन



दिया। उत्सव में शामिल तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। युक्तियुक्तकरण से अब शिक्षा सभी बच्चों के लिए और अधिक सुलभ हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने शिक्षकों से कहा बच्चों को ऐसा बढ़ाओ की आपका गुणगान करें, जब बेटियाँ पढ़ेंगी, तभी समाज भी आगे बढ़ेगा।

# संस्कृत शिक्षकों का किया सम्मान धूमधाम से हुआ भोजली विसर्जन



**धमधा।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम रायपुर के तत्वावधान में ओम सांई संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमधा जिला दुर्ग में संस्कृत सप्ताह दिवस का आयोजन के पंचम दिवस रविवार को प्रथम सेशन सुबह 8.30 बजे भोजली विसर्जन के प्रमुख प्रवक्ता डोंगरगांव विधायक डालेश्वर साहू एवं उनकी पत्नी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा भोजली दाई सबके दुख को लेकर जाती है। इसलिये इस परंपरा को करते रहना जरूरी है। यहां आकर मैं भाव विभोर हो गया हूँ और मैं चाहूँगा भी मेरे क्षेत्र में भी इसकी गूंज हो। जिस पर तन मन धन से सभी भाषाओं की जननी का सेवा करने का अवसर मिलेगा। इस दिन के दूसरा सेशन संस्कृत के सेवा निवृत्त शिक्षकों व्यास नारायण पांडे एवं पवन देवांगन का सम्मान शिक्षण समिति के सक्रिय सदस्य मीडिया प्रभारी प्रदीप ताम्रकार ने किया और कहा कि जिस संस्कृति को आज संवर्धन संरक्षण की आवश्यकता है, लोग दूर हो रहे हैं ऐसे समय में संस्था लगातार सेवा दे रहीं है बहुत बड़ी बात है। पांडे ने कहा कि इस वैश्विक कार्यक्रम की सभी को बधाई देता हूं। लुप्त हो रहीं हमारी भारतीय संस्कृत शिक्षा का विकास थम सा गया है। पुनः स्थापना के लिए नैतिक मूल्यों की संस्कृति संस्कार युक्त तेजस्वी बच्चे इस विद्यालय से निकलेगा।

पवन देवांगन ने कहा संस्थान की विविध अध्यात्म लोक संस्कृति रचनात्मक गतिविधियों से मुझे जुड़ने का अवसर मिला। भविष्य में इसकी अच्छी प्रगति दिखाई दे रही है। आगे कार्यक्रम में उपस्थित सत्यनारायण ताम्रकार शिक्षण सेवा समिति अध्यक्ष, लता हिरवानी जगदलपुर, चित्रलेखा चौधरी आमटी, निकुम, बलराम सिन्हा शिक्षक, बीरेंद्र देवांगन, धरमपाल साहू, त्रिवेणी साहू, धर्मेंद्र ताम्रकार, तीजन देवांगन, पुष्पा ढीमर, नीतू साहू प्रधानाचार्य सहित शाला परिवार उपस्थित थे।





अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजमहंत
माननीय श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
15 AUGUST
12 अगस्त
पुरुषोत्तम देवांगन
भाजपा भिलाई अध्यक्ष
सतीष साहू
विधायक प्रतिनिधि
नटवर ताम्रकार
पूर्व अध्यक्ष - नगर पालिका अहिवारा
पवन जैन
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति ग्राम-अहिवारा
देवानंद निर्मलकर
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति ग्राम-ओटेबंध
अनिता परगनिहा
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति ग्राम-लिमतरा
पवन यादव
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति ग्राम-पाहरा
रामकुमार धनकर
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति ग्राम-नदौरी
जगन्नाथ यादव
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति ग्राम-अहेरी
रूपराम साहू
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति ग्राम-मुरमुंदा
दिनेश साहू
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति ग्राम-गोढ़ी
विनीत : समस्त अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति एवं ग्रामवासी - अहिवारा मुरमुंदा मण्डल


जीवेत शरदः शतम्
12 अगस्त
पुरुषोत्तम देवांगन
श्रीमती सरस्वती बंजारे
लीमन साहू
सतीष साहू
नटवर ताम्रकार
रामजी निर्मलकर
अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजमहंत
माननीय श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
15 AUGUST
श्रीमती खुशबु घनश्याम यादव
सरपंच - ग्राम पंचायत नंदिनी खुदनी
श्रीमती लुकेश्वरी साहू
सरपंच - ग्राम पंचायत पथरिया
श्रीमती राजेश्वरी लहरे
सरपंच - ग्राम पंचायत मेंड़ेसरा
श्री दिलेश्वर देशलहरा
सरपंच - ग्राम पंचायत पिटौरा
श्री नारायण निषाद
सरपंच - ग्राम पंचायत पोटिया देवरझाल
श्री लोकेश जैन
उपसरपंच - ग्राम पंचायत नंदिनी खुदनी
श्री घनश्याम यादव
पंच एवं सरपंच प्रतिनिधि नंदिनी खुंदनी
श्री रिंकू साहू
सरपंच प्रतिनिधि पथरिया
श्री विनोद लहरे
सरपंच प्रतिनिधि मेंड़ेसरा
सागर शिंदे
सचिव - ग्राम पंचायत पोटिया देवरझाल
विनीत : समस्त पंचगण, उपसरपंच एवं ग्रामवासी

## खबर संक्षेप



### रेलिंग की वजह से सड़क हुई संकरी, शिकायत

दुर्ग। पुराना बस स्टैंड से इंदिरा मार्केट होकर पोलसाय पारा होते हुए स्टेशन चौक तक जाने वाली सड़क को लेकर आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मार्ग पर रेलिंग और डिवाइड का निर्माण किया गया है, इससे सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो गई है। पुराना बस स्टैंड से महात्मा गांधी स्कूल, फरिश्ता कंपलेक्स जाने वाले मार्ग को रेलिंग लगाकर छोटा कर दिया गया है। रोड की साइज 77 फीट है, जिसमें डिवाइडर के दोनों तरफ 11-11 फीट सड़क को सौंदर्यीकरण के नाम पर घेरा गया है। डिवाइडर की वजह से सड़क का एक तरफ का हिस्सा 27 फीट हो गया है। इससे दिक्कत बढ़ गई है। यातायात को सुगम बनाने उक्त स्थल पर चल रहे रोड को छोटा करने के कार्य को तुरंत रोका जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मेहरबान सिंह, के ज्योति, रऊफ अंसारी, कमल दुबे, दीवाकर भारती सहित अन्य शामिल थे।

### स्वतंत्रता दौड़ 14 को रविशंकर स्टेडियम से

दुर्ग। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ 14 अगस्त 2025 गुरुवार को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। दौड़ की शुरुआत रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के मुख्य गेट से होगी, जो आदर्श कन्या शाला, गांधी चौक, पटेल चौक, पुराना दुर्ग थाना, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स चौक, पचरीपारा नया बस स्टैंड रोड, बस स्टैंड और चर्च रोड होते हुए पुनः रविशंकर स्टेडियम पहुँचकर समाप्त होगी। प्राप्त जानकारी अनुसार स्वतंत्रता दौड़ में विद्यालय, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड, सैनिक, शिक्षक, खिलाड़ी, नागरिक, शासकीय व अशासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी आदि को दौड़ में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# ठेले-खोमचे और अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई, सफाई को लेकर आयुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

निगम आयुक्त ने पुलगांव क्षेत्र सहित आसपास के वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य शहर की सफाई व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सार्वजनिक सुविधाओं का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कई जगहों पर सड़कों और गलियों में गंदगी, नालियों के किनारे जमी घास और यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले ठेले व खोमचे देखकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों और गलियों को स्वच्छ व व्यवस्थित रखना हमारी प्राथमिकता है। नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस दौरान अधिकारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्र,उपअभियंता विकास दमाहे, कर्म शाला अधीक्षक शोएब अहमद,पार्षद अश्वनी निषाद,गौतम साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें।

## यातायात और कचरा प्रबंधन पर दिए सख्त निर्देश, कॉलोनियों में होगा सर्वे

### यातायात बाधाओ पर सख्ती के निर्देश

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ दुकानदारों ने दुकान के बाहर साइन बोर्ड, ठेले और खोमचे लगाकर फुटपाथ और सड़क का हिस्सा घेर लिया है। आयुक्त ने ऐसे अवैध अतिक्रमणों को हटाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।



### नागरिकों से सहयोग की अपील

आयुक्त ने कहा कि साफ-सुथरा और व्यवस्थित शहर बनाए रखने में प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने अपील की कि लोग सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने में निगम के प्रयासों का हिस्सा बनें।

### कचरा प्रबंधन के लिए दी हिदायत, ट्रेनिंग भी देंगे

स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयुक्त अग्रवाल ने सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरा केवल निगम की गाड़ियों को ही दिया जाए और उसका निपटान स्वच्छता दीदी के माध्यम से किया जाए। उन्होंने व्यापारियों को चेतावनी दी कि निर्देशों का पालन न करने पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

### सफाई व्यवस्था में सुधार लाने दिए निर्देश, लोगों की सुनी समस्याएं

आयुक्त ने विशेष रूप से नालियों और सड़कों की सफाई को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने सड़क व नालियों के आसपास उगी अनावश्यक घास को तुरंत काटने और वार्डों के भीतर गली-मोहल्लों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए।

## दिक्कत : राजहरा स्टेशन में राखी मनाने वाली बहनें देर रात तक रहीं परेशान

# दल्ली राजहरा-दुर्ग मेमू का एक्सल टूटा, भारी हंगामे के बाद ट्रेन रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कल रविवार देर शाम राजहरा से दुर्ग आने वाली मेमू ट्रेन में टेक्निकल फाल्ट और फिर रद्द होने के लेकर लौट रहे बीएसपी वर्कर्स व राखी त्योहार मनाने वाली बहनों का भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गुस्साए यात्रियों ने राजहरा स्टेशन में भारी हंगामा बरपाया। मौके पर पहुंचे सीटू यूनियन के नेताओं ने यात्रियों की परेशानी पर विभागीय अधिकारियों को आड़े हाथ लिया और मामले की जांच की मांग की। रेलवे की लापरवाही के चलते सोमवार को दुर्ग आने वाली अंतागढ़ व अन्य ट्रेन भी प्रभावित हुआ। एक ही ट्रेन में दोनों गाड़ी करे मुसाफिरों को ठूंस ठूंस कर भरा गया।

रविवार को शाम 6:55 पर राजहरा से दुर्ग तक जाने वाली डेमू के राजहरा स्टेशन से रवाना होने के लिये शाम 7:19 सिग्नल हुआ लेकिन गाड़ी एक मीटर चली और रुक गई। बहुत देर तक कोई हलचल न होती देख जब परेशान यात्री और सीटू के लोग इंजिन के पास पहुंचे तो पता चला कि इंजन के एक्सेल का तापमान 104 डिग्री सेल्सियस दिखा रहा है। दो घंटे से ज्यादा देर तक स्टेशन और स्टेशन मास्टर के रूम में ट्रेन के टेक्निकल फाल्ट को लेकर बातचीत चलती रही। इस दौरान रक्षाबंधन व राजहरा माइंस से लौटने वाले वर्कर्स आदि परेशान और गुस्साए यात्री स्टेशन में हंगामा करते रहे। आखिर में 2 घंटे के बाद गाड़ी रद्द होने की घोषणा की गई।

विदित हो कि डीजल से चलने वाली डेमू गाड़ी का रिपेयर गोंदिया में किया जाता है। इस गाड़ी की जानकारी रखने वाले मैकेनिक ने जब एक्सेल पर टेंपरेचर गन से तापमान लिया तो उसका तापमान 104 डिग्री सेल्सियस दिख रहा था। जबकि उसका तापमान 84 डिग्री से ज्यादा नहीं होना चाहिए। स्टेशन में बीएसपी खदान वर्कर्स और राखी बांधकर लौट रहीं बहनों आदि यात्रियों की परेशानी को देखते हुए स्टेशन पहुंचे सीटू नेताओं ने बताया कि रेलवे के मैकेनिक ने साफ कह दिया कि मैं इतने टेंपरेचर में इस गाड़ी को चलाने की इजाजत नहीं दे सकता हूं। इस टेंपरेचर पर गाड़ी चलाना खतरनाक हो सकता है गाड़ी कहीं पर भी रास्ते में रुक सकती है अथवा अन्य कोई परेशानी भी आ सकती है। पिछले सप्ताह कुसुमकसा के पास कुछ इसी तरह से गाड़ी रुक गई थी। ऐसे में यदि ऊपर के अधिकारी अनुमति देंगे तभी गाड़ी चल सकती है

## मौके पर पहुंचे सीटू यूनियन के लोग, की जांच की मांग



### 2 घंटे तक अधिकारियों ने नहीं लिया निर्णय

सीटू नेता ने बताया कि मेमू के एक्सेल के तापमान को बढ़ा हुआ देख मैकेनिक ने हर उस अधिकारी को टेलीफोन से सूचित किया जिन्हें निर्णय लेकर गाड़ी चलाने अथवा ना चलाने का आदेश नीचे भेजना था लेकिन भारी जद्दोजहद के बाद भी ऊपर के अधिकारी 2 घंटे तक कोई निर्णय लेकर नीचे सूचित नहीं किया। इधर स्टेशन में उपस्थित यात्री परेशान हो रहे थे मैकेनिक से लेकर स्टेशन मास्टर तक लगातार ऊपर के अधिकारियों को फोन लगाते रहे किंतु ऊपर के अधिकारियों का कोई निर्णयत्मक जवाब नहीं आया।

### मेमू के लिए नहीं मिला कोई क्रू मेंबर

दल्ली राजहरा स्टेशन में डेमू के बगल में इलेक्ट्रिक से चलने वाली गाड़ी मेमू ट्रेन खड़ी थी। स्टेशन में मौजूद सीटू नेताओं ने रेलवे के अधिकारियों से पूछा कि कि जब बगल वाली पटरी पर मेमू खड़ी है तो उसे क्यों नहीं चला रहे हैं। इस पर स्टेशन मास्टर ने कहा कि मेमू और डेमू को चलाने वाले क्रू मेंबर अलग अलग होते हैं। डीजल इंजन चलाने वाला ड्राइवर इलेक्ट्रिक इंजन नहीं चला सकता वैसे ही इलेक्ट्रिक मालगाड़ी चलाने वाला ड्राइवर इलेक्ट्रिक मेमू नहीं चला सकता। इसीलिए ऊपर के अधिकारियों ने चर्चा करके बताया है कि आधे घंटे में मेमू का क्रू मेंबर का इंतजाम किया जा रहा है लेकिन 45 मिनट बाद घोषणा कर दिया गया कि क्रू मेंबर उपलब्ध नहीं हो पाया है इसीलिए रात को कोई भी गाड़ी मरोदा एव औरदुर्ग के लिए नहीं जा पाएगी।

### टिकट कैंसिल कराने लगी भीड़, यात्री होते रहे परेशान

मेमू गाड़ी के रद्द होने से मुसाफिरों को रात का समय था किसी को भिलाई पहुंच कर अपने पीजी में जाना था किसी को आगे की यात्रा करनी थी तो किसी को भिलाई स्टील प्लांट में रात्रि पाली में ड्यूटी जाना था। इस बीच दो घंटा होते होते यात्रियों का सब्र का बांध टूटने लगा। वे नाराज होकर स्टेशन मास्टर से ट्रेन की वास्तविक स्थिति बताने एवं ट्रेन ना चलने पर घोषणा कर टिकट का पैसा लौटाने के लिए दबाव बनाने लगे। एक बच्ची ने तो यहां तक कह दिया कि ट्रेन के अंदर काफी सारी महिलाएं एवं लड़कियां हैं यदि स्टेशन मास्टर या ऊपर के अधिकारी हमारे तकलीफ को नहीं समझ पा रहे हैं तो वक्त बीतने के साथ और तकलीफ बढ़ जाएगी। इसके चंद मिनट बाद ट्रेन रद्द करने की घोषणा की गई। घोषणा के बाद टिकट काउंटर में टिकट कैंसिल करवा कर पैसा लेने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

### सोमवार को भी ऊपरी अधिकारियों का फैसला रहा उल्टा

11 अगस्त को अंतागढ़ से आने वाली सुबह 5:40 की गाड़ी एक घंटा विलंब होने के कारण राजहरा में 6:40 को आ रही थी। वहीं 6:20 बजे राजहरा से दुर्ग तक जाने वाली गाड़ी थी, जिसे समय पर छोड़ा जा सकता था लेकिन ऊपर के अधिकारियों ने निर्णय लिया कि पहले अंतागढ़ से आने वाली गाड़ी छोड़ेंगे उसके बाद ही राजहरा से जाने वाली गाड़ी को रवाना किया जाएगा। यानी जिस गाड़ी को समय पर छोड़ा जा सकता था उस गाड़ी को भी लेट होकर आ रही गाड़ी के कारण जानबूझकर 50 मिनट लेट किया गया। छोटे बच्चों के साथ हलाकान यात्री स्टेशन मास्टर पर चढ़ाई करते रहे। स्टेशन मास्टर ऊपर के अधिकारियों को को वस्तुस्थिति बताते रहे लेकिन ऊपर के अधिकारियों की उदासीनता से आखिर में स्थिति यह हो गई कि दो गाड़ी में जाने लायक लोग एक ही गाड़ी में ठूस ठूस कर भर कर जाने को मजबूर हो गए।

# शहर के फौलादी धावक गंगेश्वर का एशिया मास्टर्स में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ कई नेशनल स्पर्धाओं में मिल चुका हैं पदक

दुर्ग के प्रतिभाशाली फर्राटा धावक और भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी गंगेश्वर देवांगन का चयन एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में हुआ है। उनका चयन 60 प्लस आयु वर्ग में 8 सौ मीटर और 15 सौ मीटर दौड़ में विगत नेशनल प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के परिणामों के फलस्वरुप किया गया है। यह प्रतियोगिता 5 से 9 नवंबर तक चैन्नै में आयोजित है।

उल्लेखनीय है कि प्रतिभावान एथलेटिक खिलाड़ी गंगेश्वर देवांगन ने वर्ष वर्ष 2020 में बड़ौदरा नेशनल प्रतियोगिता में 50 प्लस आयु वर्ग में 800 मीटर दौड़ और 2022 में बैंगलुरु में 55 प्लस आयु वर्ग में 800 मीटर में दौड़ दोनों में प्रथम स्थान हासिल किया था।



इसके पूर्व कोयम्बटूर राष्ट्रीय एथलेटिक प्रतियोगिता में 2013 में बेंगलुरु नेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए 45 प्लस आयु वर्ग में 15 सौ मीटर व 800 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वे वर्ष 2013 से लेकर अब तक बीएसपी की सभी अंतर विभागीय दौड़ स्पर्धा में भी प्रथम रहे हैं। पटना, पुणे,भोपाल, गुरुग्राम, नागपुर व नारायणपुर में मैराथन में भी हिस्सा लेकर पदक हासिल किए हैं। फौलादी धावक श्री देवांगन के चयन की बड़ी उपलब्धी पर बीएसपी के खेल विभाग के अधिकारियों व एथलेटिक्स संघ व कोच ने शुभकामनाएं दी हैं।

# युवा प्रबंधकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण, दिए गए जरूरी टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ व्यावसायिक वित्त विषय पर दो दिवसीय कार्यक्रम

भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा युवा प्रबंधकों के लिए व्यवसायिक वित्त विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। इस प्रशिक्षण में बीएसपी के विभिन्न विभागों के 36 अधिकारियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को दैनिक कार्य में वित्तीय दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन महाप्रबंधक और एसएफएम एसके मलिक ने विषय विशेषज्ञ के रूप में किया। प्रतिभागियों को वित्त का परिचय, वित्तीय विवरणों का विश्लेषण, लागत निर्धारण एवं निर्णय-निर्माण, तथा लागत पत्रकों के विश्लेषण आदि पर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष और महाप्रबंधक प्रभारी एसके श्रीवास्तव ने भी विचार व्यक्त किए। समापन सत्र की अध्यक्षता सीजीएम प्रमोद कुमार चोखानी ने की व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय ने दिया।

# 1.40 करोड़ की लागत से चमचमाएगी भिलाई नगर विधानसभा की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश के प्रयासों से मिली स्वीकृति

पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पाण्डेय के प्रयास से प्रदेश सरकार ने 1.40 करोड़ के विकास कार्यों की मंजूरी दे दी है। इससे भिलाईनगर विस की सड़कों का डामरीकरण और नवीनीकरण किया जाएगा।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि भिलाई नगर विधानसभा के कई वार्डों की सड़कों का हाल काफी खराब हो गया था। इसे लेकर उन्होंने 11 जुलाई को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मंत्री अरुण साव को पत्र लिखा था। पत्र में उन्होंने भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत वार्ड 65 और 51 में पं. दीनदयाल पुरम योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण के लिए राशि की मांग की थी। पूर्व मंत्री के पत्र पर संज्ञान लेते हुए मंत्री साव ने 1.40 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। नगरीय निकाय विभाग वार्ड 51 में मार्ग चौड़ीकरण व डामरीकरण के लिए 99.26 लाख, वार्ड 40 (मंगल बाजार, सतनामी पारा, बप्पा ऑटो चक्की, राधाकृष्ण मंदिर, वर्मा टेंट हाउस) में डामरीकृत मार्गों के नवीनीकरण के लिए 41.76 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### अन्य वार्डों में भी होंगे विकास कार्य

नगरी प्रशासन विभाग से भिलाई नगर और वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत वार्ड 12 आर्य नगर अंतर्गत शिव विहार और छग कालोनी में सीसी रोड निर्माण के लिए 93.30 लाख रुपए, वार्ड 14 शांति नगर में कृपाल नगर सड़क 2 और तीन में नाली निर्माण के लिए 22 लाख, वार्ड 40 में मंगल बाजार, सतनामी पारा, बप्पा आटा चक्की, राधा कृष्ण मंदिर और वर्मा टेंट हाउस के पास डामरी करण के लिए 41.76 लाख, वार्ड 3 मॉडल टाउन विनोबा नगर में सीसी रोड के लिए 13.31 लाख, वार्ड 6 संजय नगर कुम्हार पारा में सीसी रोड के लिए 13.31 लाख, जोन 2 अंतर्गत महात्मा ज्योतिबाफूले चौक से कालीबाड़ी चौक तक मार्ग और पुलिया चौड़ीकरण के लिए 49.38 लाख, वार्ड 15 आंबेडकर नगर में सड़क तीन का सीमेंटिकरण के लिए 38.30 लाख और वार्ड तीन मॉडल टाउन में कृष्णा मंदिर से लेकर कुलदीप बाबूलाल के घर तक और शिवाजी चौक से सूर्या अपार्टमेंट तक पेवर ब्लॉक लगाने के लिए 19.34 लाख रुपए सहित कुल 290.70 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

# दुर्ग जिले के कांग्रेसियों ने प्रोजेक्टर के जरिए सुना राहुल गांधी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ 288 में से 234 सीट बीजेपी का सवाल खड़ा कर रहा

राजीव भवन शनिचरी बाजार में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी को प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव सुना। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र के विधानसभा में लोकसभा में बीजेपी की जीत के बाद जांच करने की मांग की राहुल गांधी ने की है। इलेक्ट्रॉनिक पोर्टल लिस्ट की मांग चुनाव आयोग अब तक नहीं दे पाया है।

महाराष्ट्र में पूरी लहर कांग्रेस गठबंधन की जीत के बाद 288 में से 234 सीट बीजेपी का जितना सवाल खड़े कर रहा है। कर्नाटक की सेंट्रल बेंगलुरु लोकसभा सीट के महादेवपुर विधानसभा की जांच में 1002500 फर्जी वोट पाए गए। इसमें 11965 ऐसे थे जो एक ही नाम के चार अलग अलग पोलिंग बूथों में उनका नाम था।

40005 ऐसे वोटर्स थे, जिनका एड्रेस सही नहीं था। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि चुनाव आयोग की ऐसी कारगुजरिया लोकतंत्र में निष्पक्ष निर्वाचन और चुनाव की भीम की विपरीत है। इस अवसर पर भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा, अजय गोलू गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## बीएसपी ने जुलाई माह में रचे कई कीर्तिमान

# मटेरियल हैंडलिंग में 21.18.181 टन का नया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन को पार किया

भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपनी परिचालन उत्कृष्टता की संस्कृति को जारी रखते हुए जुलाई माह में सभी प्रमुख इकाइयों और तकनीकी मानकों पर कई उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। अयस्क प्रबंधन संयंत्र ने कुल मटेरिअल हैंडलिंग में, जुलाई में 21,18,181 टन का रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया। इससे जुलाई 2024 में प्राप्त 19,86,239 टन के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन को पार किया है। वहीं स्टील मेल्टिंग शॉप-2 (एसएमएस-2) में स्लैब उत्पादन 1,53,743 टन तक पहुंच गया, जो पिछले जुलाई में दर्ज 1,51,360 टन के सर्वश्रेष्ठ उत्पादन से बेहतर है। कॉइल में वायर रॉड, कॉइल में टीएमटी रिबार, स्ट्रेट टीएमटी रिबार और क्वालिटी बार सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों के उत्पादन की इकाई बार एंड रॉड मिल (बीआरएम) ने 92,036 टन का प्रभावशाली उत्पादन कर, जुलाई 2024 के 84,260 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। इस बीच, संयंत्र से डायरेक्ट डिस्पैच 2,79,839 टन तक पहुंच गया, जो जुलाई 2023 में दर्ज 2,43,507 टन के पिछले उच्चतम स्तर से और बेहतर है, जो उत्पादन और प्रेषण प्रणालियों के बीच बेहतर समन्वय का संकेत देता है।



### ब्लॉस्ट फर्नेस उत्पादकता 1.94 टन पहुंची

बीएसपी ने जुलाई 2024 में तकनीकी मानकों में भी उपलब्धियां दर्ज कीं। ब्लास्ट फर्नेस-6 पर सीडीआई दर जुलाई 2024 में 106.45 किग्रा/टीएचएम के पूर्व के सर्वोत्तम स्तर से बढ़कर 109.20 किग्रा/टीएचएम हो गई। इसी प्रकार, ब्लास्ट फर्नेस उत्पादकता (1-8) 1.94 टन/एम /दिन तक पहुंच गई।




